दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। शुक्रवार 08 अगस्त-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 230 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










## 'हमने फर्जी वोटिंग के सबूत तलाश किए' : राहुल




**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को फिर चुनाव आयोग पर इलेक्शन में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी के इन आरोपों पर चुनाव आयोग ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। आयोग ने राहुल गांधी से उनके आरोपों को लेकर हलफनामा देने को कहा है। आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों को काफी गंभीर भी बताया है। आयोग ने कहा कि इन आरोपों को केवल हाईकोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। आपको बता दें कि राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में धांधली की गई। एग्जिट पोल कुछ और नतीजे कुछ और थे। महाराष्ट्र में 40 लाख से ज्यादा संदिग्ध वोटर थे। चुनाव आयोग इन लोगों को क्यों बचा रहा है। फर्जी तरीके से वोटिंग हो रही थी। चुनाव आयोग और बीजेपी की मिलीभगत है। चुनाव आयोग वोटिंग के इलेक्ट्रॉनिक डेटा क्यों नहीं देता।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि महाराष्ट्र के नतीजों ने वोट चोरी की आशंका को मजबूत किया क्योंकि पांच महीने में पांच सालों से ज्यादा वोटर जोड़े गए। पांच बजे के बाद बड़ी संख्या में मतदान किया गया। इसको लेकर हमनें चुनाव आयोग के सामने बात रखी लेकिन चुनाव आयोग हमें डिजिटल वोटरलिस्ट देने से इंकार करता है। इसके बाद हमारी टीम ने छह महीने तक कागजातों को खंगाला उसके

शेष, पृष्ठ 2

# कभी भी 'गाजियाबाद' से 'ग्रेटर गाजियाबाद' हो सकता है

## नगर निगम कर रहा है पूरा प्लान, एक सप्ताह के भीतर भेजा जाएगा प्रस्ताव






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद में इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन में यात्रियों के स्वागत कार्यक्रम में आए थे। इस दौरान उन्होंने घोषणा की थी कि जल्द ही गाजियाबाद को ग्रेटर गाजियाबाद के रूप में जाना जाएगा। गाजियाबाद की खोड़ा नगर पालिका, लोनी और मुरादनगर को भी नगर निगम का हिस्सा माना जाएगा। इसको लेकर नगर आयुक्त ने निगम और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए इसको क्रियान्वित करने का पूरा प्लान बनाना शुरू कर दिया है। उधर नगर निगम गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि एक सप्ताह के भीतर प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। इस पर अंतिम निर्णय शासन को लेना है। साथ ही कैबिनेट भी इस विषय को लेकर अपनी राय रखेगी। उधर नगर निगम के सूत्र इस बात की ओर भी इशारा कर रहे हैं कि भविष्य में जैसे सिटी जोन, विजयनगर, वसुंधरा और इंदिरापुरम जोन है। इसी प्रकार - खोड़ा, लोनी और मुरादनगर जोन भी विकसित किया जा सकता है।

### नए नगर निगम मुख्यालय के लिए तैयार हो रहा है डीपीआर, 26 करोड़ हुआ पास

करंट क्राइम : उधर नगर निगम के सूत्र और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जानकारी दी है कि नगर निगम का नया मुख्यालय जो अर्थला में प्रस्तावित है, वहां पर पार्षदों के बैठने की संख्या 200 पहले ही निर्धारित कर दी गई है। वहीं उन्होंने जानकारी दी है कि अर्थला में बन रहे नगर निगम के नए बहु मंजिला और अत्याधुनिक मुख्यालय के लिए लगभग 26 करोड़ रुपए स्वीकृत हो चुका है। साथ ही इसकी डीपीआर वाली प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है। बताया जा रहा है कि इसके लिए शासन स्तर से तेजी से काम करने का निर्देश भी दिया जा चुका है।

### कई गांव भी नगर निगम क्षेत्र में किए जाएंगे शामिल

करंट क्राइम : उधर नगर निगम के सूत्र इस बात की भी जानकारी दे रहे हैं कि जब - खोड़ा, लोनी और मुरादनगर नगर पालिका को नगर निगम में जोड़ा जाएगा। तो इसमें बड़ी संख्या में गांव भी शामिल किए जाएंगे। इसमें कई गांव प्रमुख रूप से ऐसे हैं, जिनकी अच्छी खासी आबादी है, उनको भी नगर निगम क्षेत्र का हिस्सा माना जाएगा। जिसके लिए जल्द ही नोटिफिकेशन भी हो सकते हैं।

### ग्रेटर गाजियाबाद से बढ़ेगी विकास की रफ्तार : नगर आयुक्त



करंट क्राइम : एक तरफ नगर निगम के अधिकारी नगर आयुक्त और प्रशासनिक स्तर पर गाजियाबाद को ग्रेटर गाजियाबाद के रूप में डेवलप करने के लिए प्लानिंग की जा रही है। तो वहीं शासन स्तर पर भी मुख्यमंत्री के निदेर्शों के बाद इस पर गंभीरता बरती जा रही है। ग्रेटर गाजियाबाद बनाने को लेकर जो आवश्यकता है, उसकी पूरी लिस्ट और फाइलें तैयार हो रही हैं। साथ ही गाजियाबाद नगर निगम भी इस तरीके से प्लानिंग कर रहा है कि जब इन तीनों नगर पालिकाओं को शामिल किया जाए, तो आय और व्यय का सामंजस्य बना रहे। वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का कहना है कि गाजियाबाद का विस्तार होने से विकास की रफ्तार भी बढ़ेगी।

### ग्रेटर गाजियाबाद को लेकर जारी है मीटिंगों का दौरा

करंट क्राइम : गाजियाबाद नगर निगम के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा गाजियाबाद को ग्रेटर गाजियाबाद बनाने के क्रम में प्रशासनिक और नगर निगम के अधिकारियों के साथ लगातार बैठकर कर रहे हैं। इसमें विशेष रूप से संपत्ति विभाग की टीम के साथ बैठक हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रण विजय सिंह, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह और अन्य संबंधित टीम उपस्थित रही। जिसमें गाजियाबाद के विस्तार को लेकर नक्शे पर चर्चा करने के साथ ही क्षेत्रफल को जोड़न को लेकर भी बातचीत और अधिकारियों के सुझाव लिए गए हैं। तो वहीं - खोड़ा, लोनी और मुरादनगर के विस्तृत क्षेत्रफल और यहां आय एवं व्यय का लेखा-जोखा भी तैयार किया जा रहा है ताकि नगर निगम की कार्य प्रणाली को बेहतर ढंग से संचालित किया जा सके।

## लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के प्रयास हैं उड़ान के बाद अब रेल पड़ाव के लिए जारी

## लोकसभा में रेल मंत्री से की मुलाकात और अंडरपास से लेकर ट्रेन स्टॉपेज पर की बात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की अपने क्षेत्र के विकास के लिये लगातार प्रयास जारी है। ये अतुल गर्ग हैं जिन्होंने उस हवाई अड्डे से उड़ान शुरू करा दी, जिस हवाई अड्डे का रनवे पांच सालों से सूना पड़ा था। अतुल गर्ग ने प्रयास किये और यहां से उड़ान शुरू हुई। ये अलग बात है कि कुछ तकनीकी कारणों से इन दिनों उड़ान में समस्या आ रही है। मामला केवल कुछ एकड़ जमीन का है और हैंगर का निर्माण होते ही फिर से आसमान में उड़ान सुचारू रूप से शुरू हो जाएगी। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग केवल आसमान ही नहीं बल्कि जमीन पर भी लोकसभा क्षेत्र के लिये सुगमता का पथ तैयार कर रहे हैं।

बीते दिनों उन्होंने दिल्ली जैसे सदर बाजार का कॉन्सेप्ट दिया था। एक बार फिर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग लोकसभा क्षेत्र में अब रेल को लेकर प्रयास कर रहे हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने लोकसभा में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की।

इस मुलाकात में गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने रेल मंत्री से उस प्रस्ताव पर चर्चा की जिसमें विजयनगर के पास पांच एकड़ जमीन पर गाजियाबाद स्टेशन को दिल्ली रेलवे स्टेशन से उपनगरीय टर्मिनल के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

बताया जाता है कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस प्रस्ताव पर अपनी मौखिक सहमति दे दी है और जल्द ही उन्होंने औपचारिक पत्राचार का आश्वासन दिया। रेल मंत्री ने परियोजना से संबंधित समन्वय की जिम्मेदारी गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को सौंपी। इस मुलाकात के दौरान सांसद अतुल गर्ग ने मुरादनगर व पिलखुवा में अंडरपास तथा मैरिट के आधार पर कुछ ट्रेनों के स्टॉपेज जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की।

### सांसद अतुल गर्ग 'इन द एक्शन फॉर कोर्डिनेशन'

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की अगर एक साल की पारी को देखें तो उन्होंने विकास वाली पिच पर जबर्दस्त बल्लेबाजी की है। वो दिशा की बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्ताव लेकर आए, वो हिंडन एयरपोर्ट से उड़ान की सफलता लेकर आए। बड़ी बात ये है कि वो एक विजन के साथ काम करते हैं। ये बड़ी जिम्मेदारियां उन्होंने तब निभाई है जब संगठन ने उन्हें चुनाव से जुड़ी बड़ी जिम्मेदारियां दी है। वो दिल्ली चुनाव में प्रदेश के सहप्रभारी बनाए गए, वो राष्ट्रपति के साथ विदेश यात्रा पर गए, वो भारत का पक्ष रखने के लिये सर्वदलीय संसदीय मंडल में विदेश दौरे पर गए, वो सदस्यता अभियान की समीक्षा समिति में रहे। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग कहीं भी रहे और कितने भी बिजी रहे, लेकिन गाजियाबाद संसदीय क्षेत्र के विकास का विजन हमेशा उनके मस्तिष्क में रहा, उनकी कार्यशैली में रहा और एक साल की पारी में उन्होंने गजब की जिम्मेदारी निभाई है। वो बड़े नेताओं का विश्वास जीतने में सफल रहे हैं। यही वजह है कि जब उन्होंने अपने लोकसभा संसदीय क्षेत्र गाजियाबाद में रेलवे टर्मिनल को विकसित करने की बात रेल मंत्री से कही तो रेल मंत्री ने उन्हें पूरे प्रोजेक्ट से जुड़ी कोर्डिनेशन की जिम्मेदारी दी। अतुल गर्ग अब रेलवे, डिफेंस और अर्बन डेलवलेपमेंट मिनिस्ट्री के साथ कोर्डिनेशन निभाएंगे। इसके साथ-साथ वो लोकल प्रशासन के साथ भी संवाद कायम करेंगे। मंत्रालय भी जानते हैं कि जब अतुल गर्ग कोर्डिनेशन में आएंगे तो प्रोजेक्ट से जुड़े आधे टेंशन तो वैसे ही खत्म हो जाएंगे।

## अपने मासूम बच्चों की फोटो सोशल मीडिया पर डालने से बचें

## घूम रहा है अपहरण कर बच्चे बेचने वाला गैंग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अगर आपके घर में कोई मासूम बच्चा है और आप उसकी फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करते हैं, तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। गाजियाबाद ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में एक वर्षीय बच्चे के अपहरण के मामले का खुलासा करते हुए गाजियाबाद पुलिस ने एक इंटरस्टेट गैंग के चार सदस्यों की गिरफ्तारी की है। जिसमें एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम की देखरेख में यह बड़ा नेटवर्क पकड़ा गया है। गिरफ्तार आरोपियों में मुरादाबाद की नर्स, बिजनौर की आशा वर्कर दो महिलाएं हैं और दो पुरुष भी शामिल हैं। यह बच्चों की तस्वीर व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजकर रंग, लिंग और उम्र के आधार पर डील करते थे। बच्चों को ढाई से पांच लाख रुपये में बिना संतान वाले कपल्स को बेचा जाता था। बताया जा रहा है अब तक यह यूपी, दिल्ली, जम्मू कश्मीर और नेपाल में कई बच्चों का सौदा कर चुके हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ग्रामीण जोन ने एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम के नेतृत्व में यह खुलासा किया है।

### अब तक दो महिलाएं और दो पुरुष किए गए हैं गिरफ्तार

करंट क्राइम : एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया है कि इस मामले में पुलिस ने नावेद निवासी लोन प्रेम नगर 19 वर्षीय, अफसर अली उर्फ अल्फाज निवासी पूजा कॉलोनी थाना कॉलोनी का ट्रोनिका सिटी उम्र 28 वर्ष, स्वाती उर्फ शाइस्ता निवासी कांधला जनपद शामली 35 वर्ष, संध्या पत्नी सौरभ चौहान मंडी जनपद मुजफ्फरनगर 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार महिला में एक मुरादाबाद में नर्स, तो दूसरी बिजनौर की आशा वर्कर है।

### एक से चार साल के बच्चे रहते थे टारगेट पर

करंट क्राइम : पुलिस ने जानकारी दी है कि बच्चों को सोशल मीडिया से पहले यह लोग खोजते थे, फिर ऐसे बच्चों की तलाश की जाती थी, जो एक से चार साल के हैं। फिर यह उन बच्चों के आसपास मकान किराए पर लेते और परिवार से दोस्ती कर बच्चों को किडनैप कर दूसरे कपल्स को बेंच देते थे। जिनके बच्चे नहीं होते थे, लोग नवजात और एक से चार साल के बच्चे के एवज में ढाई से पांच लाख रूपय तक लेने का काम किया करते थे। पुलिस का दावा है कि यह गिरोह यूपी, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और नेपाल तक फैल हो सकता है। पुलिस को कई इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस और चैटिंग के सबूत मिले हैं, जिससे इस गिरोह के और बड़े होने की जानकारी मिल रही है।

# बदमाशों से लोहा लेते हुए बीते 8 सालों में 110 पुलिसकर्मी हुए हैं घायल

## रही राहत वाली बात नहीं हुआ गाजियाबाद में कोई पुलिसकर्मी शहीद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शासन स्तर से 20 अप्रैल 2017 से 31 जुलाई 2025 तक पुलिस ने कार्रवाई एनकाउंटर का जोनवार विवरण जारी किया गया है। जिसके तहत पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कुल 653 पुलिसकर्मियों द्वारा कार्रवाई की गई है। तो वहीं पुलिस कार्रवाई में अब तक 1144 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस कार्रवाई में 695 लोग घायल होने के बाद गिरफ्तार किए गए हैं। तो 10 लोग पुलिस एनकाउंटर में ढेर हुए हैं। तो वहीं 110 पुलिसकर्मी भी अलग-अलग पुलिस मुठभेड़ और बदमाशों पर की गई कार्रवाई के दौरान घायल हुए हैं। राहत वाली बात यह है कि इस दौरान गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट और पुलिस सिस्टम में कोई भी पुलिसकर्मी शहीद नहीं हुआ है। शासन स्तर पर किए गए हैं, जिसमें जोन और पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम के नाम शामिल हैं।



> "पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली में लगातार अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। साथ ही उनके खिलाफ जांच और अपराधिक इतिहास वालों पर गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीट और गुंडा एक्ट भी लगाया जा रहा है।
>
> **जे रविंदर गौड, कमिश्नर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद**

### गाजियाबाद पुलिस ने 695 बदमाशों को किया है घायल



करंट क्राइम : योगी सरकार बनने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और इससे पहले पुलिस सिस्टम में पुलिस की गोली जमकर चली है। जिसका उदाहरण यह है कि बीते 8 सालों के दौरान 695 बदमाशों को अलग-अलग मामले में पुलिस कमिश्नरेट और पुलिस सिस्टम में गोली मारी गई है। तो वहीं 10 अलग-अलग पुलिस कार्रवाई में ऐसे भी अपराधी हैं, जो सीधे स्वर्ग सिधार गए हैं।

### 1144 अपराधियों को इस दौरान किया गया है गिरफ्तार

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में अब तक 1144 अपराधियों को गिरफ्तार करने का काम किया गया है। पुलिस द्वारा की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई से जहां बदमाश हो को संदेश दिया जा रहा है तो वही सुशासन और गुड गवर्नेंस का भी जनता पर भरोसा जताया जा रहा है।

### 100 दिन में गाजियाबाद पुलिस की हुई हैं 70 मुठभेड़



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कमिश्नर जे रविंदर गौड के आने के बाद से लगातार बदमाशों पर गोली बरसाई जा रही हैं। जिसका उदाहरण है कि बीते 100 दिनों के दौरान 70 बदमाशों के साथ गाजियाबाद पुलिस के अलग-अलग स्थानों और जोन की पुलिस की मुठभेड़ हुई है। इस दौरान 105 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। तो वही मुठभेड़ में 85 बदमाशों को घायल अवस्था में भी गिरफ्तार करने का काम किया गया है। कुल मिलाकर शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ अपराधियों पर कार्रवाई कर रही है।

### लगातार नशे के सौदागरों को पहुंचाया जा रहा जेल



करंट क्राइम : जिस तरीके से लोनी पुलिस द्वारा करोड़ों रुपए की स्मैक तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। तो इससे पहले गाजियाबाद पुलिस स्मैक, हीरोइन और गांजा तस्करों पर बंपर कार्रवाई कर चुकी है। करोड़ों रुपए का अबतक मादक पदार्थ गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम पुलिस द्वारा बरामद करने में सफलता हासिल की गई है। बीते 100 दिनों में जहां 50 मुकदमे लिखे गए हैं। तो वही 60 से अधिक अभियुक्तों को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में गिरफ्तार भी किया गया।

# उत्तरकाशी के धराली में मलबे में जिंदगी की तलाश जारी

## 307 लोग गंगोत्री से रेस्क्यू, धराली का रास्ता भी खुला... अब मलबा हटाने की मशीनें भी पहुंच सकेंगी

**धराली और हर्षिल में राहत-बचाव कार्य का आज दूसरा दिन है और सड़क मार्ग खुलने से धराली और हर्षिल पहुंचना अब मुमकिन हो गया है। बता दें कि भटवारी में धराली जाने वाला राजमार्ग बह गया था।**







**'देखते ही देखते चंद सेकेंड में ही सैलाब में समा गया पूरा इलाका'**

**गंगवानी में बह गए पुल को रिस्टोर करने की कोशिश**

**धराली।** उत्तराखंड के धराली में तबाही के बाद अब जिंदगी की तलाश जारी है। रेस्क्यू ऑपरेशन में सात टीमें युद्ध स्तर पर जुटी हैं। सेना के 225 से ज्यादा जवान मौके पर हर मोर्चे पर डटे हैं। हादसे में अबतक 5 लोगों की मौत हुई है जबकि 11 जवान समेत 70 लोग लापता हैं। अभी तक 190 लोगों का रेस्क्यू कर लिया गया है। रास्ते बंद हो जाने से हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू ही एक मात्र सहारा था। हेलिकॉप्टर से ही घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा था। हालांकि भटवारी में बह गया राजमार्ग अब खुल गया है, जिससे अब सड़क मार्ग से धराली जाना संभव हो सकेगा। भटवारी में पहली दरार को ठीक करने में बड़ी सफलता मिली है।

-सड़क मार्ग खोलने का दो तिहाई हिस्सा पूरा हो गया है और बचे हुए हिस्से पर काम जारी है।

-माना जा रहा है कि शुक्रवार सुबह तक सड़क मार्ग से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हो जाएगा।

-इसके बाद गंगवानी में बह गए पुल को भी शुरू किया जाएगा।

-वहीं, राहत-बचाव कार्य तेजी से चल रहा है, गंगोत्री से 307 और लोगों को बचाया गया है।

-भटवारी में राष्ट्रीय राजमार्ग का दूसरा हिस्सा भी खुल गया है।

बता दें कि भटवारी में बह गया राजमार्ग को खोलने के तीन चरण थे। पहला और दूसरा चरण पूरा हो गया है। अब किसी भी वक़्त इस रास्ते से गाड़ियां आगे गंगवानी की ओर शुरू कर दी जाएंगी। इसके बाद आगे टूटे हुए पुल को बनाने का सामान इसी रास्ते से आगे जाएगा। पुल बनने के बाद हर्षिल पहुंचने की कोशिश की जाएगी।

**राहत-बचाव कार्य का आज दूसरा दिन :** धराली और हर्षिल में राहत-बचाव कार्य का आज दूसरा दिन है और सड़क मार्ग खुलने से धराली और हर्षिल पहुंचना अब मुमकिन हो जाएगा। बता दें कि भटवारी में राजमार्ग बह गया था। इफ्ङ & ऋफ्ऋक्री टीमें रास्ते को और बेहतर बनाने के लिए लगातार संघर्ष कर रही हैं। दो जगहों पर पहाड़ काटकर सड़क खोलने की तैयारी हो रही थी, हालांकि सीमित संसाधनों के चलते इस काम में देरी हुई। राहत की बात ये है कि मौसम अभी साफ बना हुआ है। अब उम्मीद जागी है कि रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी आएगी।

बता दें कि जब तक ये रास्ता नहीं खुलता, तब तक गंगवानी में बह गए पुल को रिस्टोर करने की शुरूआत नहीं हो सकती थी इसलिए सारा दारोमदार हवाई सेवाओं पर ही रहा। छोटे-छोटे हेलीकॉप्टर के जरिए राहत बचाव कर्मियों को भेजा जाता रहा। धीरे-धीरे करके बचाए गए लोगों को हवाई मार्ग से नीचे लाया जा गया। राहत बचाव कर्मियों की संख्या धराली और हर्षिल में बढ़ी तो थी लेकिन संसाधन सीमित होने के चलते रेस्क्यू मिशन रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा था। वहीं, कम्युनिकेशन और बिजली अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई है।

धराली में जिस इलाके में सबके ज्यादा तबाही मची है, वहां का हाल देखा जा सकता है, कैसे सैलाब के मलबे में कैसे पूरा घर समा गया है। घर के चारों तरफ सिर्फ मलबा ही मलबा है। सैलाब की धार इतनी तेज थी कि इस इलाके में कई घर गिर गए या फिर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। धराली में बादल फटने के बाद का मंजर एकदम खौफनाक था। स्थानीय मंदिर के एक पुजारी के मुताबिक, देखते ही देखते चंद सेकेंड में ही पूरा इलाका सैलाब में समा गया। धराली के लोगों को कहना है कि उन्होंने अपने जीवन काल में अभी तक ऐसी तबाही नहीं देखी है।

उनका कहना है कि देखते ही देखते सैकड़ों दुकान और घरों में पानी घुस गया। तबाही को लेकर धराली के एक और निवासी ने बताया कि आसपास अचानक मलबा आ गया। जिस वक्त ये हादसा हुआ करीब दो सौ लोग गांव में मौजूद थे। धराली में बादलफाड़ तबाही के बाद अब युद्ध स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

**हेलिकॉप्टरों के जरिये पहुंचाई जा रही राहत सामग्री :** जहां चंद घंटों पहले होटलों की इमारतें खड़ी थीं, बाजार थे, दुकानें थी, कुदरत ने पलभर में सबकुछ मिटा डाला। अब वहां टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हैं और इस रेस्क्यू ऑपरेशन में एकमात्र सहारा हेलिकॉप्टर है क्योंकि यहां पहुंचनेवाली सड़कें पूरी तरह से टूट गई हैं।

भारतीय सेना की 7 टीमें लगातार मोर्चे पर डटी हैं। 225 से ज्यादा जवान राहत-बचाव में तैनात हैं। राहत की खबर ये है कि हर्षिल का मिलिट्री हेलीपैड पूरी तरह चालू कर दिया गया है। 3 सिविल हेलिकॉप्टरों के जरिये राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है।

# 'मोदी सरकार की विदेश नीति फेल'

## ट्रंप के टैरिफ को दोगुना कर 50% करने पर बोले खरगे



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आने वाले सामान पर 25% अतरिक्त टैक्स लगा दिए है। यह टैक्स भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर लगाया गया है। इस फैसले के बाद भारत से अमेरिकी बाजार में जाने वाले सामान पर कुल 50% टैक्स लगने लगेगा। ऐसे में भारत में इस बात को लेकर भी बयानबाजी तेज हो गई है। इसी सिलसिले में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50% टैरिफ लगाए जाने के फैसले को केंद्र सरकार की विदेश नीति की बड़ी विफलता बताया।

खरगे ने कहा कि ट्रंप का यह कदम ऐसे समय में आया है जब भारत की कूटनीति कमजोर और भ्रमित नजर आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस संकट से निपटने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं और अब ट्रंप भारत पर दबाव बना रहे हैं। बता दें कि ये पूरा मामला तब शुरू हुआ जब डोनाल्ड ट्रंप ने भारत द्वारा रूस से तेल खरीद जारी रखने को लेकर नाराजगी जताते हुए भारत से आने वाले कई उत्पादों पर अतिरिक्त 25% शुल्क लगा दिया। पहले से ही 25% टैरिफ लागू था, जिससे अब कुल शुल्क 50% हो गया है। यह आदेश 7 अगस्त से लागू हो गया है।

**पीएम मोदी पर किया कटाक्ष :** कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्ल्कार्जुन खरगे ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि आप अमेरिका से व्यापार समझौता नहीं कर पाए। आपके मंत्री महीनों से बातचीत की बात कर रहे थे, कुछ तो वॉशिंगटन में डेरा डाले बैठे थे। इसके बावजूद कुछ नहीं हुआ और अब यह बड़ा झटका आया है, लेकिन आप चुप हैं।

उन्होंने कहा कि इस बार आप इस विदेश नीति की विफलता का जिम्मा 70 साल की कांग्रेस सरकारों पर भी नहीं डाल सकते।

**आर्थिक असर को लेकर जताई चिंता :** इसके साथ ही खरगे ने अमेरिका के टैरिफ नीति पर आर्थिक स्थिति को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि भारत का अमेरिका को निर्यात लगभग 7.51 लाख करोड़ (2024) का है। 50% टैरिफ से भारत पर लगभग 3.75 लाख करोड़ का आर्थिक बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे कृषि, एमएसएमई, डेयरी, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, जेम्स एंड ज्वेलरी, दवाइयाँ, पेट्रोलियम और कपड़ा उद्योग को सबसे ज्यादा नुकसान होगा।

### पीएम मोदी के चुप्पी पर उठाए सवाल

खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए मामले में पीएम नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार छह महीने से ज्यादा वक्त होने के बावजूद अमेरिका के साथ कोई व्यापार समझौता नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि ट्रंप अब भारत को धमका रहे हैं और दबाव बना रहे हैं, लेकिन मोदी जी चुप हैं। खरगे ने कहा कि पीएम मोदी ने उस समय भी कुछ नहीं कहा जब 2024 में ट्रंप ने इफ्क्ऴर को मृत कहा और 100% टैरिफ की धमकी दी।

# वाराणसी में लगातार नौ दिन बढ़ा पांच मीटर जलस्तर, नमो घाट तीसरे दिन भी रहा बंद





**प्रसव से कराह रही महिला को चारपाई पर पहुंचाया पीएचसी**

**वाराणसी।** वाराणसी में बुधवार को गंगा में उफान कम हुआ तो जलधारा सड़कों और गलियों से वापस घाटों की सीढ़ियों तक लौटने लगी है। गंगा बाबा विश्वनाथ मंदिर के गंगा द्वार से 12 सीढ़ी नीचे हैं। वहां ललिता घाट और दीवारें पूरी तरह से पानी में डूबी हैं। नमो घाट बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी बंद रहा। किसी भी पर्यटक या श्रद्धालुओं को आने-जाने नहीं दिया गया। राजघाट की सड़क पर लगा पानी पीछे हटकर वापस सीढ़ियों पर चला गया। घाटों पर मंदिरों के शिखर का कुछ हिस्सा दिखने लगा है। मणिकर्णिका घाट की ओर से आया पानी अब गली में आश्रम के गेट से थोड़ा पीछे हो गया है। शवों को पानी के रास्ते नाव से ले जाकर छत पर अंत्येष्टि कराई जा रही। एक बार में 7-8 शव ही जल पा रहे हैं।

**सामने घाट की कॉलोनियों से लौट रहा पानी :** दशाश्वमेध और शीतला घाट के बाहर सड़क तक पानी लगा हुआ है। लोग वहीं स्नान कर रहे हैं। अस्सी घाट को पार करके बाजार में पहुंची जलधारा अब जगन्नाथ मंदिर के द्वार तक आ गई है। वहीं सामनेघाट पर महेश नगर समेत कई कॉलोनियों से पानी वापस लौटना शुरू हो चुका है, हालांकि सड़क पर करीब 200 मीटर तक गंगा का पानी 3-4 फीट तक लगा रहा। इससे लोगों को आवाजाही में दिक्कतें हुईं।

**राहत सामग्री न मिलने पर किया हंगामा :** नगवा गंगोत्री विहार इलाके में बाढ़ में फंसे आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने बुधवार देर शाम राहत सामग्री न मिलने पर हंगामा कर दिया। नगवा प्राथमिक विद्यालय में बने राहत शिविर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि सरकार की ओर से मुहैया कराए जाने वाला जरूरी खाद्यान्न पदार्थ पानी उनको नहीं मिल पा रहा है।

बाढ़ से पीड़ित हैं और खरीद कर खाने पीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। नगवा वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि डॉ. रविंद्र सिंह ने बताया कि गंगोत्री बिहार की एक लेन काफी सकरी है, जिससे वहां नाव नहीं जा सकी। बाढ़ प्रभावित गोबरहा गांव की एक महिला को प्रसव पीड़ा होने पर चारपाई पर उठाकर पानी से बाहर लाया गया।

# महाराष्ट्र में 40 लाख संदिग्ध वोटर फेक वोटर्स कहां से आ रहे: राहुल गांधी




**राहुल ने सवाल उठाया कि वोटर लिस्ट में एक पते पर 46 वोटर मिले।**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को एक बार फिर चुनाव आयोग पर सवाल खड़े किए हैं। राहुल ने कहा कि महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में धांधली हुई है। राहुल ने सवाल उठाया कि फर्जी वोटर कहां से आ रहे हैं? राहुल ने एक बार फिर कहा कि महाराष्ट्र के अलावा हरियाणा में भी वोटों की चोरी की गई। राहुल ने सवाल उठाया कि शाम 5 बजे के बाद वोटिंग क्यों हुई? नई दिल्ली में स्थित अक्बउ के मुख्यालय में राहुल गांधी ने कंप्यूटर प्रेजेंटेशन के जरिए अपनी बातों को सामने रखा। बताना होगा कि राहुल गांधी लगातार महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव में धांधली होने के आरोप लगाते रहे हैं। महाराष्ट्र के चुनाव में कांग्रेस की अगुवाई वाले महा विकास अघाड़ी गठबंधन को करारी हार मिली थी जबकि हरियाणा में ऐसा माना जा रहा था कि कांग्रेस सरकार बना लेगी लेकिन वहां भी हैरानी भरे नतीजे आए थे और बीजेपी ने राज्य में हैट्रिक जमा ली थी। राहुल ने अपने भाषण में बड़ी बातें।

1- राहुल ने सवाल उठाया कि वोटर लिस्ट में एक पते पर 46 वोटर मिले। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग इलेक्ट्रॉनिक डेटा क्यों नहीं देता? राहुल ने आरोप लगाया कि डुप्लीकेट वोटरों की संख्या काफी ज्यादा है।

2- राहुल गांधी ने कहा, आपने हरियाणा के, मध्य प्रदेश के चुनाव में देखा एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल को देखा जबकि चुनाव नतीजे बिल्कुल अलग निकले। उन्होंने कहा कि मतदान में कुछ और होता है, ओपिनियन पोल कुछ और दिखाते हैं और लेकिन जो नतीजे होते हैं वह बिल्कुल अलग ही होते हैं।

3- राहुल गांधी ने कहा, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रधानमंत्री के पास बहुत कमजोर बहुमत है। हमारी ओर से रखी गई जानकारी सबूत के तौर पर है। यह भारतीय संविधान और ध्वज के साथ अपराध किया जा रहा है और हमने एक विधानसभा में इसका सबूत दिया है। हमने इस पैटर्न की स्टडी की है और हम कह सकते हैं कि पूरे देश में बड़े पैमाने पर यह अपराध किया जा रहा है एक के बाद एक राज्यों में।

4- राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि वोटर लिस्ट में फर्जी लोगों के नाम जोड़े जा रहे हैं। उन्होंने अपने बयान के समर्थन में कर्नाटक की मतदाता सूची को सामने रखा। उन्होंने दावा किया कि बेंगलुरू सेंट्रल लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में वोटों की बड़े पैमाने पर चोरी हुई है। उन्होंने कहा कि महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के 6.5 लाख वोटों में से एक लाख से अधिक वोटों की ह्लवोट चोरीह्व की गई है।

# उधमपुर में बड़ा हादसा... जवानों से भरी बस 200 फीट गहरी खाई में गिरी

### दो जवान शहीद, 16 घायल



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बड़ा हादसा हुआ है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) से भरी बस खाई में गिर गई। हादसे में दो जवान बलिदान हो गए हैं। कई जवान घायल हो गए। घायल जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। जानकारी के अनुसार, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 187वीं बटालियन की बस उधमपुर जिले में कदवा से बसंत गढ़ जाते समय करीब 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीन जवान बलिदान हो गए। जबकि 15 जवान घायल हो गए।

बस में 18 जवान सवार थे, आज सुबह लगभग 10:30 बजे यह हादसा हुआ। बस जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में कदवा से बसंत गढ़ जा रही थी। इसी दौरान बस खाई में गिर गई। सभी घायलों को एयरलिफ्ट कर ऊधमपुर के सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने ट्वीट किया कि उधमपुर में कंदवा-बसंतगढ़ क्षेत्र में सीआरपीएफ का एक वाहन दुर्घटना का शिकार हो गया। इस हादसे में कुछ जवानों के बलिदान की खबर सुनकर व्यथित हूं। वाहन में सीआरपीएफ के कई बहादुर जवान सवार थे। मैंने अभी-अभी डीसी सलोनी राय से बात की है, जो व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नजर रख रही हैं और मुझे जानकारी दे रही हैं। बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिए गए हैं। स्थानीय लोग स्वेच्छा से सहायता के लिए आगे आए हैं। हर संभव मदद सुनिश्चित की जा रही है।

बसंतगढ़ के कदवा इलाके में सीआरपीएफ की एक बंकर गाड़ी गहरी खाई में गिर गई, जिससे दो जवान बलिदान हो गए और करीब 16 जवान घायल हुए हैं। घायलों का इलाज पीएचसी बसंतगढ़ में चल रहा है, जबकि 8 गंभीर रूप से घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर उधमपुर स्थित सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की पुष्टि एएसपी संदीप भट ने की है।

आनंद कोच, उम्र 27 वर्ष, निवासी मेघालय, बटालियन 137

अरविंद, उम्र 36 वर्ष, निवासी बिहार, बटालियन 187

**गंभीर रूप से घायल जवानों में शामिल हैं:** करले गजानंद (महाराष्ट्र), सुनील जाल्को (झारखंड), अनीश कुमार (केरल), मिलन कुमार (झारखंड), मोहम्मद मुश्ताक (जम्मू-कश्मीर, राजौरी), गोपा राम (राजस्थान), उधाराज (अरक् यूपी), जितेन्द्र प्रधान (झारखंड), एस. सुडालाई मणि (तमिलनाडु), जाला विजय कुमार (गुजरात), सोनू कुमार (झारखंड), मुकेश कुमार (बिहार), जे. हेब्रम (ओडिशा), राकेश कुमार (जम्मू, आर.एस. पुरा), धनराज पाहाडे (महाराष्ट्र), सुखविंदर सिंह (दिल्ली)।

हादसे की पुष्टि बसंतगढ़ के एएसपी संदीप भट और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर द्वारा की गई है। हादसे की वजह वाहन की तकनीकी खराबी या सड़क की स्थिति मानी जा रही है, लेकिन जांच जारी है।

# 'ट्रंप का भारत पर टैरिफ लगाना भारत के साथ विश्वासघात' : मायावती



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाना विश्वासघाती और देश को कमजोर करने वाला कदम है। इससे पैदा हुए हालात से निपटने के लिए सभी को पूरी परिपक्वता दिखाते हुए राजनीतिक स्वार्थ और संकीर्णता से ऊपर उठकर काम करना होगा।

मायावती ने बयान जारी कर कहा कि ब्रिक्स देश ब्राजील की तरह ही भारत पर भी कुल मिलाकर 50 प्रतिशत का भारी भरकम टैरिफ (शुल्क) लगाकर अमेरिका ने जो भारत को आघात पहुंचाने का प्रयास किया है, उसे भारत सरकार ने अपने संयमित बयान में ₹अनुचित, अन्यायपूर्ण व अविवेकी₹ बताया है, किन्तु देश की जनता डोनाल्ड ट्रम्प का ₹मित्र₹ देश भारत के प्रति इसे प्रथमदृष्टया विश्वासघाती एवं देश को कमजोर करने वाला कदम ज्यादा मानती है, जिससे निपटने के लिए सभी को पूरी परिपक्वता दिखाते हुये राजनीतिक स्वार्थ, संकीर्णता, मतभेद एवं द्वेष आदि से ऊपर उठकर, दीर्घकालीन रणनीति के तहत, देश में पूरे अमन-चैन और कानून व्यवस्था के अच्छे माहौल के साथ पूरी मुस्तैदी से कार्य करना जरूरी है। देश के सामने आई इस बड़ी चुनौती पर गंभीर चिन्तन के लिए संबंधित विषय पर वर्तमान संसद सत्र में चर्चा हो तो यह जन व देशहित में बेहतर होगा किन्तु केन्द्र व राज्य सरकारें अगर आन्तरिक संकीर्ण मुद्दों में ही अधिकतर उलझी रहेंगी तो यह कैसे संभव हो पायेगा?

वैसे इस बारे में यहां उल्लेखनीय है कि बसपा की राजनीति हमेशा से देश के मानवतावादी संविधान की मंशा के मुताबिक सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की रही है।

# दिल्ली की सीएम रेखा ने स्कूली छात्रों के साथ मनाया रक्षाबंधन



**नई दिल्ली:** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दिल्ली के सरकारी स्कूलों के बच्चों ने गुरुवार को राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों से प्यार से राखी बंधवाई और इस मौके की तस्वीरें भी उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर साझा कीं। तस्वीरों में मुख्यमंत्री बच्चों को दुलारती और राखी बंधवाती हुई नजर आ रही हैं।

मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा, ₹आज सुबह मुख्यमंत्री जनसेवा सदन कुछ अलग ही रंग में था। सरकारी स्कूलों से नन्हें बच्चे जब रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखियां लेकर आए तो यह रस्म हमारे रिश्ते की नई परिभाषा थी। उनके छोटे-छोटे हाथों से बांधे गए धागे एक ऐसे कल का वादा थे, जहां हर बच्चा बिना डर, बिना भेद, अपने सपनों की उड़ान भर सके।₹

मुख्यमंत्री गुप्ता ने पोस्ट में कहा कि बच्चों की खिलखिलाती हंसी, मासूम आंखों की चमकङ्घयही तो है हमारे हर निर्णय का मूल, हमारी हर नीति का आधार। आप सभी बच्चों को ढेर सारा प्यार और उस भरोसे को मेरा प्रणाम जिसे आपने आज मेरी कलाई पर बांध दिया।

इससे पहले, दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय में विभिन्न स्कूल और कॉलेजों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को राखी बांधी।

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 08 अगस्त -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Himanshulove Sharma is with Aanchal Sharma

7h


आप जल्दी स्वस्थ हो आप सदा खुश रहें और मस्त रहें यही कामना करता हूं




# करंट क्राइम ने रखा जब अपने पाठकों के सामने वरिष्ठता के पैमाने का सवाल

## तब लोगों ने कहा- चाटुकारिता, बड़ी गाड़ी और होर्डिंग का रहता है भौकाल

Deepak Bhati
23h




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दैनिक करंट क्राइम हमेशा से सामाजिक राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर अपने पाठकों की विचारधारा से जुड़कर चलता है। दैनिक करंट क्राइम हर विषय पर अपने पाठकों के कीमती सुझाव लेता है। उन्हें जनता के बीच लेकर आता है और जनता की राय के बाद एक कॉमन राय सामने आती है। दैनिक करंट क्राइम ने अपने पाठकों के सामने ये सवाल रखा कि वरिष्ठता की परिभाषा क्या होती है। वरिष्ठता का पैमाना क्या होना चाहिए, ये सवाल सोशल मीडिया पर आया तो इस पर लोगों की मिश्रित प्रतिक्रिया आई। कमेंट में टोंट का असर ज्यादा दिखाई दिया, पाठकों के शब्द ये फील करा रहे थे कि वो वरिष्ठता को किस दृष्टि से देखते हैं और वरिष्ठ नेताओं की परिभाषा उनकी दृष्टि में क्या है, यहां पाठकों ने कई विचार रखे। पाठकों ने कहा कि दूसरे दलों से आकर नेता अब होर्डिंग लगवाकर वरिष्ठ बन रहे हैं, पाठकों ने उन नेताओं को टारगेट पर रखा जो बड़ी गाड़ी और चाटुकारिता से अपनी सियासत कर रहे हैं। पाठकों ने खुलकर अपनी राय रखी और ये कहा कि वरिष्ठता के पैमाने बदल गए हैं। पाठकों के एक वर्ग ने ये भी माना कि अपने राजनीतिक दल के प्रति आस्था और निस्वार्थ भाव से काम करना भी वरिष्ठता का एक पैमाना है। किसी ने वरिष्ठ होने के लिये बूथ को मजबूत बताया तो किसी ने कहा कि जिसकी उम्र 50 वर्ष हो वो वरिष्ठ होगा। वरिष्ठता को लेकर पाठकों ने अलग-अलग राय रखी। पाठकों ने क्या कहा और वो किसे वरिष्ठ मानते हैं, उनकी नजर में वरिष्ठता का पैमाना क्या है, ये हम अपने पाठकों के समक्ष रख रहे हैं।

### सुधीर चौधरी

होल्डिंग से प्रचार करते रहो कार्य करने की कोई जरूरत नहीं है जब मैं स्तर पर जो कार्य कर जाता है वह उसकी बस की नहीं है इसलिए वह होल्डिंग लगाकर प्रचार करता है वह वरिष्ठ नेता होता है कभी इस पार्टी में कभी उसे पार्टी में वह भी बड़ा नेता होता है।

### सुमित त्यागी

जो भी कार्यकर्ता चप्पल घिसकर। कार्यक्रम में शामिल होता है वह सभी कार्यकर्ता वरिष्ठ हैं और सभी कार्यकर्ता जो एक बार पार्षद ,विधायक ,और सांसद बन चुके हैं, उनको दोबारा ना मौका देकर इन कार्यकताओं जिन्होंने चप्पल घिसना है। इनको मौका दिया जाना चाहिए।

### प्रमोद शर्मा

बहुत ही अच्छा सवाल पुछा दीपक भाई आपने इसकी जानकारी तो आज तक मुझे भी नहीं हो पाई है जबकि पचास पार कर चुका हूँ अगर कहीं से सटीक जानकारी मिल पाये तो हम भी जाना चाहेंगे।

### त्रिलोक ठाकुर

पिछले पायदान से आते-आते प्रथम पंक्ति तक आने तक व्यक्ति वरिष्ठ बन जाता है मुझे कांग्रेस पार्टी में 35 वर्ष हो गए परंतु मैं अभी तक वरिष्ठ नहीं बन पाया हूं मुझे उम्मीद है कभी ना कभी मैं वरिष्ठ जरूर बनूंगा यही वरिष्ठ की परीक्षा पहचान है।

### प्रवीण राघव

जो एक बार पद पर रहा हो और उसको फिर दोबारा से पद ना मिले और बार-बार उसको यह बोल दिया जाए कि अभी तो बहुत पद है चिंता मत करो वह वरिष्ठ नेता कहलाते हैं लॉलीपॉप.

### सुषमा नागर

जिस की संगठन सदस्यता ना हो ओर कभी भी दिखाई नही दिया हो जो चापलूसी कर सके जो बडे पद वाले का ड्राइवर या चाय सर्व करने का कार्य कर्ता हो बढिया पद पर बैठ जाये वही वरिष्ठ कार्य कर्ता बाकी आप सभी समझ दार है।

### अरुण चंद्रा

आजकल तो सभी एक-दूसरे की राजनीतिक चाटुकारिता में लगे रहते हैं।

### हिमांशु शर्मा

वरिष्ठ नेता होने के लिए श्री मान दीपक भाटी जी से डिग्री लेनी पड़ती है।

### बी के शर्मा हनुमान

नंबर एक की चमचागिरी + दूसरे की थाली में मुंह मारना + दूसरे के कार्यक्रम में अपनी फोटोग्राफी पर ध्यान देना+ दूसरे के कार्यक्रम में ऐसा महसूस करना की सबसे ज्यादा मेहनत मैं की है

### जेपी कश्यप

सात और पांच एक साथ होना चाहिए।

### अरविंद अरोड़ा

वरिष्ठ होना एक उपाधि है जिसके पीछे बहुत कुछ छुपा होता है। युवाओं का सम्मान, महिलाओं का सम्मान, मेहनती,कर्मठ, कार्यकर्ता और समर्पण का भाव यही वरिष्ठता है।

### संजीव कुमार शर्मा

बस विपक्षी पार्टियों से आये हुए हो।

### आशीष कुमार शर्मा

सिर्फ पैसा जेब में होना चाहिए और उसे पैसे को खर्च करने की भी हिम्मत होनी चाहिए। वरिष्ठ बनने में 10 20 साल नहीं 10 20 दिन ही काफी रहेंगे। डिग्री तो कोई भी पार्टी दे देगी।

### साहिल कपूर

गुरु जी बिल्कुल स्पष्ट बात करी है आपने बिल्कुल ऐसा ही होता है। अगर कोई कार्यकर्ता किसी बड़े नेता के साथ घूम रहा है और बात होर्डिंग की आती है तो अगर उस बड़े नेता का फोटो न लगे तो तुरंत उस कार्यकर्ता पर फोन जाता है कि अबे तूने मेरा फोटो क्यों नहीं लगाया।

### विजेन्द्र सिंह

किसी भी डिग्री की जरूरत नहीं पड़ती है राजनीति में

### संदीप कुमार

बस होर्डिंग लगाने होते हैं।

### राजेश शर्मा

बड़ी गाडी बडा पैसा, बन गए राजनेता

### क्षितिज शर्मा

क्यों भाई बीजेपी वालो की दुखती नब्स पे हाथ रख देते हो आप।

### गिन्नी लोहिया

पैसे से राजनीति हो रही है। राजनीति से पैसा बन रहा है।

### अरविंद चौधरी

बड़ा बोर्ड रोड़ पर लगाओ और वरिष्ठ नेता हो जाओ

### देवेन्द्र तोमर

वरिष्ठ नेता वही है जिसमें नेतृत्व करने के क्षमता विशिष्ट है।

### दिवाकर पंडित

किसी पार्टी के लिए पूर्ण सर्मपण और समय का त्याग ही वरिष्ता है

### अरूण चौधरी भुल्लन

अब तो स्वयंभू वरिष्ठ हो जाते हैं।

### रविंद्र राजपूत लोधी

जिसके पास 11 चमचे वो नेता। राजनीति में मेहनत की कोई कदर नहीं। जितना अधिक चमचागिरी करोगे, आगे बढ़ोगे। मेहनत वाले 20% कामयाब है 80 % चमचागिरी मजबूत।

### प्रेमप्रकाश चीनीभाई

फ्लेक्स वाले पर जाकर एक फ्लेक्स बनवा ले और अपने नाम के आगे वरिष्ठ समाज सेवी या वरिष्ठ नेता..... लिखवा ले वो वरिष्ठ कहलायेगा योग्यता कुछ नहीं होती।

### भूषण शर्मा

चाटुकारिता का दौर है साहब, आप भी कहां वफा की बात करते हैं।

### अजय गुप्ता

पहले बीजेपी की मीटिंग में 50 लोग हुआ करते थे फिर पार्टी सत्ता में आई तो 100 लोगों होने लगे फिर पार्टी का स्तर बहुत ऊपर जाता रहा तो 500 लोग आने वाले लगे और जो 50 लोग जनसंघ के जमाने से लगे हुए थे वह या तो सबसे पीछे आ गए या बिल्कुल घर बैठ गए यही सच्चाई है कड़वी है मगर सच है।

### कपिल त्यागी

आप जैसे अखबार का हमेशा की तरह महिमामंडन भी कभी-कभी काम कर जाता है।

### कुंजन पंडित

आजकल तो बड़ी गाड़ी में आओ शहर होडिंग से पटवाओ और वरिष्ठ कहलाओ।

### शकूर अहमद अंसारी

वरिष्ठ लिखने का अधिकार उसे है जो जिस पार्टी में रहता उसे पार्टी के लिए निस्वार्थ पार्टी की सेवा करता है लोगों को सुख-दुख में काम आता हो।

### लेखराज माहौर

शानदार, आज आपकी पोस्ट बहुत अच्छी लगी। लग रहा है कि हम जैसे दबे-कुचले कार्यकर्ताओं की आवाज कहीं से बुलंद हुई है।

### निधि विश्वकर्मा

आजकल तो दो चार दिन से सक्रिय लोग चाहे वो राजनीति में हो या समाज सेवा में...कुछ ही दिनों में वरिष्ठ हो जाते हैं। आजकल काम ओर समय के हिसाब से वरिष्ठ नहीं माना जाता अपितु पैसे ओर चाटुकारिता से वरिष्ठ बन जाया जाता है।

### मीना कौशिक

जो वरिष्ठ बन गया वह तो वही बता पाएंगे... कौन सी डिग्री ली है। लेकिन यह खुला सच पत्रकारों को भी नहीं पता चल पाया उनके लिए भी आज यह एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है। और यह एक प्रश्न हमेशा रहेगा भी।

### विवेक तोमर

जो वरिष्ठ बन गया वह तो वही बता पाएंगे... कौन सी डिग्री ली है। लेकिन यह खुला सच पत्रकारों को भी नहीं पता चल पाया उनके लिए भी आज यह एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है। और यह एक प्रश्न हमेशा रहेगा भी।

### ठाकुर अनुज राघव

ज्यादा कुछ नहीं.... एक बड़ी गाड़ी और बढ़िया कलफ लगा हुआ कुर्ता पजामा और मौहल्ले में होर्डिंग्स पर अपनी मुस्कुराते हुए फोटो। बस इतना बहुत है आज कल नाम के नीचे वरिष्ठ लिखने के लिए।

### अनिल शर्मा

पार्टी के लिए समर्पित निष्ठावान कार्यकर्ता चाहे वह उम्र के किसी पड़ाव पर हो वह स्वयं कभी वरिष्ठ नेता नहीं लिखता है चाहे अन्य लोग उसे वरिष्ठ नेता की संज्ञा दें। आजकल छुटमुट कार्यकर्ता अपने रोब को बढ़ाने के लिए व्हाइट कालर गाड़ी घोड़ा से लैस अपने आप को वरिष्ठ नेता कहने के लिए मजबूर होते हैं।

### अकरम खान

वरिष्ठ नेता होने के लिए डिग्री नहीं अनुभव की आवश्यकता होती है वाणी की मधुरता, वरिष्ठों का सम्मान, मां बहनों का आशीर्वाद, और युवाओं को नई दिशा की ओर प्रेरित करना ही वरिष्ठ नेता की पहचान है राजनीति एक प्रयोगशाला है जिसमें प्रतिदिन प्रति सेकंड नए-नए प्रयोग होते हैं।

### कुंवर पाल सिंह

जो अपनी पार्टी में किसी जिम्मेदारी को नहीं संभालता वह वरिष्ठ हो जाता है।

### मनोज बेबाक

जिसे कोई नही पूछे ,,,,नाही कोई सम्मान,,,, ना ही कोई पद पाटी और नेताओ के चम्मच लेकर चक्कर लगाते रहने बाले को वरिष्ठ नेता कहते है।

### प्रवीण बात्रा

वरिष्ठ शब्द सम्मानित शब्द है। इस शब्द की गरिमा होती है, जो कुछ लोगों इस शब्द की महत्वता कम करने में लगे है। लेकिन अगर कोई घर का बड़ा है तो सही मायने में वो बड़ा ही रहेगा धरातल पर जो सत्य है वही सत्य रहेगा। चंद लोगों की वजह से इस शब्द पर उंगली उठानी ठीक नहीं है।

### सचिन ऋषि त्यागी

भाईसाहब आप जितने लोग अपने नीचे जोड़के ३-३ की चैन बनाते चलोगे उतने आप वरिष्ठ नेता बनते चलोगे।

### गिन्नी लोहिया

भाईयो जो सेवा करते थे दरिया बांटते थे संघ से जुड़े हुए पुराने थे उन लोगो को कोई पूछता नहीं जो आज कल स्कॉर्पियो फॉर्च्यूनर पर जो ए रहे हे पैसे वाले उन्ही लोगो को मन समान मिल रहा है।

### प्रदीप चौधरी

वरिष्ठ पत्रकार दीपक भाटी जी के विचार सवाल से सम्बद्ध होते हुए......आजकल हर कोई खुद को वरिष्ठ भाजपा नेता बता रहा है, इसकी असली परिभाषा क्या है? वरिष्ठ नेता... आजकल ये पदवी एक नए फैशन का हिस्सा बन चुकी है। जिसके पास गाड़ी हो उस पर उत्तर प्रदेश सरकार का स्टिकर चिपका दो, भाजपा का झंडा लहरा दो, दो-चार होर्डिंग में फोटो लगवा लो, और कभी-कभी भाजपा कार्यालय में सुबह-शाम की उपस्थिति दे दो — बस, आप भी वरिष्ठ भाजपा नेता।

न विचारधारा की तपस्या, न संगठन की सक्रियता, न जमीनी संघर्ष — सिर्फ स्व-घोषणा और चाटुकारिता ही प्रमाण बन गई है। जबकि दूसरी ओर असली कार्यकर्ता वर्षों से पार्टी की रीढ़ बनकर मैदान में खपा पड़ा है। लेकिन उसके हिस्से में कोई बोर्ड, बैनर या वरिष्ठता नहीं आती।

क्यों? क्योंकि उसने सेल्फी राजनीति नहीं सीखी, बल्कि सेवा और संगठन को ही अपना धर्म माना। दुर्भाग्यवश, आज कार्यगुजारी से ज्यादा वजन चाटुकारिता का हो गया है — और यह कटु सत्य संगठन के शीर्ष तक भी पहुंचा है। पर मौन साधा गया है, शायद इसलिए कि चमक दिखती है, पर मेहनत नहीं।

समय आ गया है कि ₹वरिष्ठ नेता₹ की परिभाषा को पुन: गढ़ा जाए — ताकि सम्मान उन्हें मिले, जिन्होंने उसे अर्जित किया है, न कि उन्हें जो खुद को सौंप चुके हैं।

### भुपेन्द्र कुमार सेन

एक जबर्दस्त होर्डिंग। और बन गए नेता

### सौरव रिशा चतुर्वेदी

माइक पर बोलना आना चाहिए और ऐसे आना चाहिए कि माइक छुड़वाना पड़े।

### शैली इंडिया

अनुभव की डिग्री

### विनित सुदेश चौधरी

ज्यादा कुछ नहीं.... एक बड़ी गाड़ी और बढ़िया कलफ लगा हुआ कुर्ता पजामा। और मौहल्ले में कुछ होर्डिंग्स पर अपनी मुस्कुराते हुए फोटो। बस इतना बहुत है आज कल नाम के नीचे वरिष्ठ लिखने के लिए।

### बब्बर सिंह चौहान

तजुर्बे की पाठशाला ही कामयाबी का मंत्र है।

### सुभाष चंद गौतम

वरिष्ठ नेताओं की तो बाढ़ सी आ गई है।

### हिमांशु शर्मा

वरिष्ठ नेता होने के लिए डिग्री नहीं अनुभव की आवश्यकता होती है वाणी की मधुरता, वरिष्ठों का सम्मान, मां बहनों का आशीर्वाद, और युवाओं को नई दिशा की ओर प्रेरित करना ही वरिष्ठ नेता की पहचान है राजनीति एक प्रयोगशाला है जिसमें प्रतिदिन प्रति सेकंड नए-नए प्रयोग होते है।

### विरेन्द्र कुमार अग्निहोत्री

पार्टी मे सेवा अवधि व अनुभव

### कपिल मित्तल

हकीकत में तो भैया वर्तमान से पूर्व होना पड़ता है तब जाकर वरिष्ठ नेता का निर्माण होता है।

### परमजीत सिंह

चापलूसी करो और रोज चरण स्पर्श करते रहो रोज एक सीढ़ी चढ़ता जाएगा।

### पूजा सिंह

होर्डिंग बड़े सी लगा दो किसी नेता जी के साथ चमचमाती गाडियां लेकर नेता जी घर जाओ चम्मचे बन कर तलवे चाटते हुए रहे।

### अशु कुमार वर्मा

आजकल केवल 1100 रू का एक होल्डिंग उसपर नेता जी का फोटो और नीचे नाम जैसे - गोयल शर्मा वर्मा जी विशिष्ट नेता फला फला पार्टी, इस तरह 1100 रू मे वरिष्ठ नेता तैयार।

### सलीम अल्वी

मिलिए गर्ग जी से सहमत हूं

### अमित कुमार

गजब सवाल शानदार है।

### गीतिका गर्ग

गुड क्वेश्चन।

### वरूण त्यागी

स्वघोषित नेता वरिष्ठ होता है ।

### राहुल पंडित

कल के आये नेता जी को क्या नाम दूं....

### अजय कुमार गुलिया

राजनीति समर्पण और समय की मांग करती है।

### सत्येन्द्र पाल सिंह

ये तो किसी को पता नहीं है. सिर्फ समझ का फेर है भाई भाटी जी

### रजनी सिंह

बहुत सही प्रश्न पूछा आज के नेता की पहचान

### सचिन चंदेला

चाटुकारिता ही राजनीति का मूलमंत्र बन गया है।

### अजय राजपूत

आपने बहुत खूब लिखा है भाटी जी जो कार्यकर्ताओं की डिग्री होती है उसके बिहाव पर कभी वरिष्ठ नहीं बन सकते जिस समय जिससे से काम निकलते रहे या जैसा कि पूर्व मेयर साहब ने कहा बिल्कुल सत्य है। घरों के बाहर होल्डिंग लगवा दो या दूसरी पार्टी से आए हुए हो वहीं वरिष्ठ या बड़े नेता कहलाते हैं।

### अरविंद कुमार चिंटु

वरिष्ठ नेता बनने के लिए किसी विशिष्ट वरिष्ठ नेता डिग्री की आवश्यकता नहीं होती है। बल्कि, यह नेतृत्व, प्रबंधन और व्यावसायिक प्रशासन के क्षेत्र में मास्टर डिग्री, जैसे एमबीए या पीजी डीआईपी, और अनुभव पर निर्भर करता है।

### सरदार सिंह भाटी

आजकल केवल 1 होर्डिंग की जरूरत है या होर्डिंग पर उसके आका की फोटो हो वही वरिष्ठ हो जाता है हा अपने आका की हा मा हा रखता है या होर्डिंग, लगाने, या गाड़ी घोड़े से संपन्न हो वही वरिष्ठ नेता या सब कुछ हा।

### राजेश शर्मा

जिसके अंदर चाटुकारिता कुट कुट कर भरी हो परिक्रमा करने में आगे रहे समय समय पर निष्ठा और दल बदलने में माहिर हो समझों उसे वरिष्ठ नेता का दर्जा प्राप्त हो जाता है अब नाम से किसका उदाहरण दु बहुत चिन्टु पिन्टु टीटु पप्पु वरिष्ठ नेता बने

### विशाल मंदोत्रा

मैं पूर्व महापौर श्री अशु वर्मा जी की बात से सहमत हूं। एक फर्जी नेता जो पहले साइकिल पर था अब ट्रेन में कोई पड़ गया.. बड़े-बड़े होर्डिंग लगे हैं.. या वरिष्ठ नेता बीजेपी लिख रहा है.. ये आज की बीजेपी का दुर्भाग्य है।

शेष, पृष्ठ 8

## संपादकीय

# महंगाई की स्थिति

वित्तीय बाजारों के विश्लेषक और अर्थशास्त्री पिछले कुछ सप्ताह से यह बहस कर रहे थे कि क्या भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) नीतिगत रीपो दर में और कटौती करने की स्थिति में है। इस समाचार पत्र द्वारा सप्ताह के आरंभ में प्रकाशित एक पोल में कुछ विश्लेषकों ने उम्मीद जताई थी कि एमपीसी अगस्त की नीतिगत बैठक में नीतिगत रीपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती कर सकती है। बहरहाल, छह सदस्यीय एमपीसी ने बुधवार की बैठक में सर्वसम्मति से दरों को 5.5 फीसदी के वर्तमान स्तर पर यथावत रखने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के साथ आई टिप्पणी स्पष्ट संकेत देती है कि फिलहाल जो हालात हैं उनके मुताबिक समिति शायद मौजूदा चक्र में नीतिगत रीपो दर में और कटौती करने की स्थिति में न हो। जून के मुद्रास्फीति संबंधी आंकड़ों में गिरावट के बाद बाजार में उम्मीद जगी थी और सालाना मुद्रास्फीति संबंधी पूर्वानुमान भी कम किए गए थे। एमपीसी ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने मुद्रास्फीति संबंधी अनुमान को 3.7 फीसदी से कम करके 3.1 फीसदी कर दिया है जो 4 फीसदी के लक्ष्य से काफी कम है। बहरहाल, ऐसी कई वजह थीं जिनके चलते कोई भी समझदार केंद्रीय बैंक मौजूदा हालात में दरों में कटौती नहीं करता। पहली बात, यह याद करना उचित होगा कि मौद्रिक नीति का दूरदर्शी होना जरूरी है। ऐसे में जहां मौजूदा पूरे वर्ष के लिए मुद्रास्फीति संबंधी अनुमान को संशोधित करके कम किया गया है, वहीं चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति की दर के 4.4 फीसदी रहने का अनुमान है। अनुमान है कि 2026-27 की पहली तिमाही में यह बढ़कर 4.9 फीसदी तक पहुंचेगी। ऐसे में चूंकि मुद्रास्फीति की दर के आने वाली तिमाहियों में लक्ष्य से अधिक रहने की उम्मीद है और चूंकि यह वास्तविक नीतिगत दर को कम कर देगी, ऐसे में नीतिगत दरों में और कमी करना सही नहीं होता। दूसरी बात, कम समग्र मुद्रास्फीति (सभी घटकों सहित) की दर में खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव का भी योगदान है, खासतौर पर सब्जियों की कीमतों में। मुख्य मुद्रास्फीति (खाद्य एवं ईंधन जैसी उतार-चढ़ाव वाली वस्तुओं से इतर) की दर जून में 4.4 फीसदी थी। खाद्य कीमतों में कमी भी समग्र मुद्रास्फीति पर असर डालेगी। तीसरा, मौद्रिक नीति समिति ने दरों में हस्तक्षेप को पहले ही लागू कर दिया था। व्यवस्था में उसका प्रभाव अब दिख रहा है। चौथा, मौद्रिक नीति समिति ने वृद्धि अनुमानों को संशोधित नहीं किया। उसे उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.5 फीसदी की दर से विकसित होगी। 2026-27 की पहली तिमाही में वृद्धि दर के 6.6 फीसदी रहने का अनुमान है। 2026-27 की पहली तिमाही में वृद्धि और मुद्रास्फीति अनुमानों को देखते हुए इस समय दरों में कटौती के पक्ष में तर्क देना मुश्किल है। इसके अलावा अनिश्चितता को देखते हुए यह हमेशा बेहतर होता है कि किसी तरह के नीतिगत रोमांच से बचा जाए।

# बहनों के प्यार और दुलार से गुलजार होगा बाजार

## रक्षा बंधन पर 17 हजार करोड़ के व्यापार का अनुमान

**भाई-बहन के पवित्र त्योहार राखी की रौनक बाजारों में देखने को मिल रही है। इस बार बाजार में ऑपरेशन सिंदूर से लेकर मोदी राखी के साथ-साथ 'थीम बेस्ड' राखियां धूम मचा रही हैं। राखी के त्यौहार की खरीदी को लेकर भारी भीड़ दिखाई दे रही है जिससे चारों तरफ उत्साह और ऊर्जा का माहौल है।**






**नई दिल्ली।** रक्षाबंधन का पर्व अब काफी नजदीक है और ये त्योहार इस साल 9 अगस्त को मनाया जाएगा। वहीं व्यापारिक संगठन कैट का अनुमान है कि इस वर्ष रक्षाबंधन पर पूरे देश में 17 हजार करोड़ रुपये का व्यापार हो सकता है। राखी के त्यौहार में केवल दो ही दिन रह गए हैं, लेकिन अभी से बाजार में इसको लेकर चहल पहल देखी जा रही है। राखी के त्यौहार की खरीदी को लेकर भारी भीड़ दिखाई दे रही है जिससे चारों तरफ उत्साह और ऊर्जा का माहौल है।

### बाजार में नहीं दिख रही चीनी राखियां

अनुमान के मुताबिक इस वर्ष देश भर में राखी त्यौहार पर लगभग 17 हजार करोड़ रुपए के व्यापार की उम्मीद है जबकि मिठाई, फल एवं गिफ्ट आदि के रूप में लगभग 4 हजार करोड़ रुपए का भी व्यापार होने की संभावना है। चीन की बनी हुई कोई भी राखी बाजार से पूरी तरह नदारद हैं।

**राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत राखियों से भरे बाजार :** चांदनी चौक से सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि इस बार रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का उत्सव नहीं रहेगा, बल्कि यह राष्ट्रप्रेम और आत्मनिर्भर भारत की भावना से भी ओत-प्रोत होगा। इस बार राखियों में विशेष रूप से फौजियों को समर्पित राखियों की तरफ से एक भावनात्मक संदेश भी सभी शहरों में फौजियों को राखी बांधकर फैलाया जा रहा है।


### ऑपरेशन सिंदूर लिखीं राखियों की बाजार में मांग

इस बार राखी के त्यौहार पर इनोवेशन वाली राखियों की धूम है जिसमें अन्य राखियों के अलावा 'वोकल फॉर लोकल' से 'डिजिटल राखी' तक तथा ऑपरेशन सिंदूर से लेकर मोदी राखी, आत्मनिर्भर भारत राखी, जय हिंद राखी, भारत माता की जय, विकसित भारत, वंदे मातरम राखी जैसी अनेक प्रकार की आकर्षक राखियों की बाजार में बड़ी मांग है।

**'थीम बेस्ड' और इको-फ्रेंडली राखियां की भी डिमांड :** वहीं दूसरी तरफ इस साल बाजारों में पारंपरिक राखियों के साथ नवाचार से भरी 'थीम बेस्ड' राखियां धूम मचा रही हैं जिनमें इको-फ्रेंडली राखियांः मिट्टी, बीज, खादी, बांस व कपास से बनी राखी और कस्टमाइज राखियांः भाई-बहन की फोटो और नाम के साथ राखियों की धूम है।

# टैरिफ चिंताओं के बीच हरे निशान पर बंद हुआ बाजार

## सेंसेक्स 79 अंक चढ़ा, निफ्टी में भी उछाल




**नई दिल्ली।** टैरिफ संबंधी अनिश्चितता के बावजूद भारतीय शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में कारोबार के आखिरी घंटे में हुई खरीदारी के चलते तेजी लौटी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर लगे टैरिफ को बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया। इससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

गुरुवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 79.27 अंक या 0.10 प्रतिशत उछलकर 80,623.26 अंक पर बंद हुआ। अधिकांश समय सूचकांक लाल निशान में रहा और 79,811.29 के निचले स्तर तक गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 21.95 अंक या 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,596.15 पर आ गया। सेंसेक्स के 30 में से 18 शेयर हरे निशान पर बंद हुए जबकि 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इस दौरान रुपया डॉलर के मुकाबले 3 पैसे की गिरावट के साथ 87.69 (अस्थायी) पर पहुंच गया।

**अमेरिकी टैरिफ के एलान के बाद शेयरों पर दिखा दबाव, आखिरी सत्र में लौटी खरीदारी :** अमेरिका की ओर से भारत पर दो चरणों में 50% टैरिफ लगाने के एलान के बाद गुरुवार के कारोबारी सत्र के दौरान भारतीय शेयरों पर दबाव दिखा। लगभग पूरे दिन सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। हालांकि, आखिरी सत्र में घरेलू शेयर बाजार में खरीदारी लौटी और दोनों प्रमुख सूचकांक आखिरकार हरे निशान पर बंद हुए।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल :** सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, इटरनल, एक्सिस बैंक, मारुति, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में लाभ रहा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- मच्छर दुनिया में किसी भी अन्य जानवर की तुलना में अधिक मौत का कारण बनता है। वे मलेरिया, डेंगू बुखार, और पीले बुखार सहित बीमारियों के वाहक होते हैं जिन्हें मच्छर रक्त चूसते समय मनुष्यों और जानवरों को प्रसारित किया जा सकता है।
- क्या आप जानते हैं? अफ्रीका और ओशिनिया (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड) के कुछ हिस्सों में, मच्छरों को मोजीज के रूप में जाना जाता है।
- जीवविज्ञानी आनुवंशिक रूप से संशोधित मच्छरों का उपयोग करके मलेरिया से लड़ रहे हैं जो प्रतिरक्षक हैं और इस प्रकार इसे प्रसारित करने में असमर्थ हैं। मतलब मनुष्यों में मलेरिया को ठीक करने का सबसे आसान तरीका मच्छरों को ठीक करना है।
- मच्छरों में छह पैर और पंखों की एक जोड़ी होती है। वे अपने पंख 450 से 600 गुना केवल एक सेकंड में फडफडा सकते हैं, जो सामान्य गूंज ध्वनि बनाता है।
- जब एक मादा मच्छर खून को चूसती है तो उसका पेट फैलता है और रक्त को अपने शरीर के वजन से 3 गुना अधिक स्टोर कर सकता है।

## चुटकुले

साइकिल चलाकर पैर दुखे तो बाईक ली,
बाईक चलाकर पीठ दुखी तो कार लाये,
कार चलाकर पेट निकला तो जिम ज्वाइन किया और
जिम में वापस साइकिल,
इसे कहते है रिसायक्लिंग।

5 साल का बच्चा : आई लव यू माँ,
माँ : आई लव यू टू बेटा!
16 साल का लड़का : आई लव यू मॉम,
माँ : सॉरी बेटा, पैसे नही है!
25 साल का लड़का : आई लव यू माँ,
माँ : कौन है वो चुड़ैल?
कहा रहती है?
35 साल का आदमी : आई लव यू माँ,
माँ : बेटा मैंने पहले ही बोला था, उस लड़की से शादी
मत करना!
और सबसे बढ़िया..
55 साल का आदमी : आई लव यू माँ,
माँ : बेटा, मै किसी भी कागज पर साइन नहीं करूंगी !

## राशिफल

**मेष :** आज आपके दिमाग मे कुछ नए और रोमांटिक विचार हैं जिनसे आप उत्तेजित महसूस करेंगे। परिवार मे तकरार आपके हौसलों को कम कर सकती हैं।

**वृष :** मतभेदों को अलग रखकर अपने प्यार का साथ दें। प्यार का इंद्रधनुष आज आपके लिए गुलाबी दिन ले कर आया है इसका पूरी तरह से आनंद लें।

**मिथुन :** लव लाइफ में आये संकट या इसमें मिले धोखे से सामाजिक सर्कल से कट ऑफ करना चाहेंगे लेकिन भाई बहन या दोस्त इस स्थिति से उबरने में मदद करेंगे।

**कर्क :** अगर किसी नए रिश्ते की शुरूआत कर रहे हैं तो अपनी भावनाओं पर नियत्रण रखें और धीरे धीरे कदम बढ़ाएं, जरूर सफलता मिलेगी।

**सिंह :** आज आप निराश हो सकते है क्योंकि आपके जीवन साथी द्वारा किये गए वादे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं।

**कन्या :** अपने महबूब से दूर होने पर आपको अपने जीवन में उसके महत्व का अहसास है और इस एहसास से आपका संबंध और भी मजबूत बना सकते हैं।

**तुला :** अगर आप कमिटेड है तो आपका रिश्ता दुविधा से भरा है। एक भावपूर्ण संपर्क आपको एक शानदार और समृद्ध अनुभव प्रदान करेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन खास है, चिंता छोड़कर आपके पास जो भी है मजा लें। आप घरेलू कामों की तरफ ध्यान देंगे खास कर उसकी ओर जो आपके दिल के करीब है।

**धनु :** प्रेम का इंद्रधनुष आज आप पर मुस्कुरा रहा है और आप सांसारिक सुख का अनुभव करने के लिए उत्सुक हैं।

**मकर :** आपका रोमांस, उत्तेजकता और परमानंद आपके रिश्ते को अर्श तक पहुंचा देगा। अपने खास मित्र/पति/पत्नी की ओर आकर्षित महसूस करेंगे।

**कुंभ :** मेहनत से आप बड़ी से बड़ी मुश्किल को भी आसान कर सकते हैं और अब समय है प्रेम के क्षेत्र में थोड़ी मेहनत करने की।

**मीन :** आज आप नए संबंधों को बनाने और पुराने संबंधों को और भी मजबूत करने के लिए एक यात्रा का प्रोग्राम बना सकते है। पार्टनर के साथ अधिक अन्तरंग महसूस करेंगे।

## 08 08 2025 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन

**सेलेब्रिटी जन्मदिन**



देवश्री राय
अभिनेत्री

हनु भारद्वाज, आयुष राठौर, उमा, गीता सिंह

नीलम त्यागी, प्रियांशी सिंघल, उमा रानी, अंजलि सिंह, हेमलता तिवारी

हिमांशी शिशौदिया, अंजलि सिंह, देवेंद्र प्रकाश, कमलकांत उपाध्याय, कृष्ण निराला तिवारी, लाला राम

रोहित शर्मा, शमीम रजा, तेजपाल सिंह तेज, सपना शर्मा, आदित्य कौशिक, आकाश अग्रवाल

राजेश चौधरी, अरुण पंडित, शाजिद खान, धर्मेंद्र सिंह, राजीव कुमार, फैज मलिक

इरशाद चौधरी, प्रवीण बनवाला, प्रिंस अग्रवाल, राजवीर कुमार, राममिलन विश्वकर्मा, रोहित राजपूत, सर्वेश कुमार

सोनू चावड़ा, सोपाल सिंह, तेजश्री शेखर, विक्की राजपूत, वीरेंद्र सिंह, अशोक तिवारी, बालेशचंद्र शर्मा

एसआर गौतम, नीरज त्यागी, शाजिद सैफी, राकेश त्यागी, अशोक लेहरी, दौलत सिंह धामा, अशोक बंजारा

**सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।**
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# गाजियाबाद में हिंडन नदी के पुनरोद्धार के लिए बनाई गई कार्ययोजना

## प्रदूषण नियंत्रण विभाग को नालों की रिपोर्ट देने के निर्देश



**बैठक में हिण्डन नदी के पुनरोद्धार, जल संरक्षण और इससे जुड़ी गतिविधियों की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश सरकार की ओर से छोटी और सहायक नदियों के पुनरोद्धार एवं कायाकल्प को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गाजियाबाद जिले से हिण्डन नदी को चुना गया है। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हिण्डन नदी के पुनरोद्धार, जल संरक्षण और इससे जुड़ी गतिविधियों की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। सीडीओ ने विभिन्न विभागों को दिशा-निर्देश देते हुए बताया कि हिण्डन नदी में मिलने वाले प्राकृतिक नालों की संख्या, उनकी सफाई की स्थिति, चेक डैम्स की जानकारी, और अमृत सरोवर व पुराने तालाबों के पुर्नउद्धार की सूचना निर्धारित प्रारूप में तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया गया कि सभी नालों के डेटा को एक्सेल शीट में दर्ज किया जाए और हर 15 दिन में उसे अपडेट किया जाए ताकि हिण्डन नदी पर इनके प्रभाव का मूल्यांकन किया जा सके। वहीं कृषि विभाग को निर्देश दिया गया कि कैचमेंट क्षेत्र में जैविक खेती की स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। नदी क्षेत्र में अतिक्रमण की स्थिति पर चर्चा करते हुए सीडीओ ने कहा कि उप जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर अतिक्रमण पर कार्यवाही की जाए। जिन गांवों में ग्राम गंगा सेवा समितियों का गठन नहीं हुआ है, वहां जल्द गठन कराया जाए। हिण्डन नदी के संरक्षण हेतु जनमानस को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाने पर सहमति बनी। इसके अंतर्गत नदी शोधन यात्रा, ग्राम चौपाल, घाट बैठक, होर्डिंग, वॉल पेंटिंग, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता, सामूहिक चर्चा, भाषण प्रतियोगिता, एसटीपी व सीईटीपी भ्रमण, घाटों की सफाई, प्लास्टिक मुक्त अभियान, वृक्षारोपण और हिण्डन आरती जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में महाप्रबंधक जल, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक अभियंता, इनवायरमेंट प्लानर, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता, जलकल, जिला परियोजना अधिकारी, एडीपीआरओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# आधी आबादी को साथ लिए बिना भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता : विजया राहटकर






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने कहा कि आधी आबादी को साथ लिए बिना 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करना संभव नहीं है। इस दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है और तभी सच्चे अर्थों में देश आगे बढ़ेगा।

मोहन नगर स्थित आईटीएस में नए प्रयास कैंपस कालिंग कैंपेन का शुभारम्भ करते हुए विजया राहटकर ने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से महिला सशक्तिकरण के लिए कई प्रयास किए जा रहे है। आज के समय में जागरूकता एवं अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों कि प्रति सही जानकारी के साथ साथ उपलब्ध कानूनों के बारे में जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में महिला आयोग महिलाओं को जागरूक करने का काम कर रहा है।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया राहटकर ने आईटीएस ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के साथ दीप जलाकर कैंपेन का शुभारंभ किया। यूजी कैंपस निदेशक डॉ सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि महिलाओं को सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किए बिना समाज और देश के समग्र विकास का लक्ष्य को पाना संभव ही नहीं है।



इस लक्ष्य की प्राप्ति कि हम सभी को अपने व्यक्तिगत स्तर पर परिवार में महिलाओं के प्रति सम्मान, उनकी सक्रिय भागीदारी एवं योगदान सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से एक-दिवसीय कार्यशाल का आयोजन किया गया जिसमें स्वतंत्र शोधकर्ता डॉ पलक मित्तल, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ कामाक्षी शर्मा तथा राष्ट्रीय महिला आयोग के मीडिया सलाहकार शिवम गर्ग ने लैंगिक समानता एवं साइबर जागरूकता विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

# श्री सनातन धर्म मंदिर सभा की कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री सनातन धर्म मंदिर सभा (पंजीकृत) राजनगर गाजियाबाद की कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न हुआ। पूर्व में घोषित एजेंडे के अनुसार गुरुवार को समय प्रातः 11 बजे स्थान सनातन धर्म मंदिर सतसंग भवन सेक्टर 10,राजनगर गाजियाबाद में कार्यकारिणी की एक आम सभा वीरेंद्र सारस्वत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। चुनाव अधिकारी संरक्षक राजेंद्र त्यागी पूर्व पार्षद व वरिष्ठ भाजपा नेता, संरक्षक के के त्यागी समाजसेवी ने सर्वसम्मति से आर के सिंह अध्यक्ष, विनीत शर्मा महामंत्री, प्रमोद दयाल कोषाध्यक्ष, आर के शर्मा, एडवोकेट भूपेंद्र चितोड़िया उपाध्यक्ष, एडवोकेट मनीष वशिष्ठ, संजीव सिंघल, राजीव शर्मा मंत्री, प्रमोद कौशिक प्रचार मंत्री मनोनीत किए गए, आम सभा में आर एन पांडेय, बी एन छतवाल ओर वीरेंद्र सारस्वत को संरक्षक बनाया गया।

चुनाव से पूर्व आमसभा में गत वर्ष के आय व्यय का ब्यौरा रखा गया, जिसे ध्वनि मत से पारित किया गया उसके बाद आगामी जन्माष्टमी पर्व और नवरात्र त्यौहार की तैयारी पर सुझाव आमंत्रित किए गए तत्पश्चात अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत ने अपनी कार्यकारणी को भंग करने की घोषणा की और चुनाव अधिकारियों से नई कार्यकारणी को चुने जाने का आग्रह किया, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारणी का गठन हुआ। सभी ने नई कार्यकारणी और नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। निवर्तमान अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत ने चुनाव अधिकारीयो ओर सभी उपस्थित सदस्यों का आभार जताया।

# प्रो. वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव डीपीएसजी एमयूएन 2025 में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, मेरठ रोड गाजियाबाद परिसर में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यक्रम डीपीएसजीएमयूएन 2025 में एस0डी0जी0आई0 ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो-वाइस चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव (आईपीएस) ने मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

यह मॉडल यूनाइटेड नेशंस सत्र विद्यार्थियों को वैश्विक मुद्दों पर संवाद, विमर्श और समाधान-निर्माण की वास्तविक प्रक्रिया से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में देशभर के लगभग 500 प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस आयोजन के दौरान वैश्विक सुरक्षा, पर्यावरणीय अलार्म, राजनीतिक आतंकवाद, पत्रकारिता, कूटनीति, और नेतृत्व क्षमता जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। मुख्य अतिथि पीयूष श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों के माध्यम से युवाओं को वैश्विक सोच, कूटनीतिक समझ और नेतृत्व के गुणों को आत्मसात करने का अवसर प्राप्त होता है, जो आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।

इस अवसर पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की महाप्रबंधक (उद्योग) डॉ. सिमा सिंह विश्नोई भी विशिष्ट अतिथि रहीं। कार्यक्रम का उद्घाटन गाजियाबाद के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीरज गीता तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. अंशु जोशी ने किया। एस0डी0जी0आई0 ग्लोबल यूनिवर्सिटी की इस भागीदारी ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और प्रबंधन की सक्रिय भूमिका को दर्शाया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करना है।

## कनाडा की युवा खिलाड़ी मबोको फाइनल में पहुंचीं, रिबाकिना को हराया

**कनाडा।** कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया मबोको ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में नौवीं वरीयता प्राप्त एलिना रिबाकिना को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूनार्मेंट के फाइनल में जगह बनाई। 18 साल की मबोको ने रिबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6 (4) से मात दी। मबोको ने तीसरे सेट में मैच प्वाइंट बचाया और दो बार रिबाकिना की सर्विस तोड़कर सेट टाईब्रेकर में पहुंचाया।


मबोको का सामना अब जापान की चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता नाओमी ओसाका से होगा जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल में 16वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टॉसन को 6-2, 7-6 (7) से हराया। 85वीं रैंकिंग की मबोको अपने पहले डब्ल्यूटीए टूर खिताब की तलाश में उतरेंगी। अगर मबोको खिताब जीतने में सफल रहीं तो वह ओपन एरा में घरेलू टूनार्मेंट जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी होंगी।

## सत्यपाल मलिक के निधन पर गार्ड ऑफ ऑनर न मिलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण : अरुण चौधरी भुल्लन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सतपाल मलिक का जन्म बागपत के बितावदा गांव एक किसान परिवार में हुआ। सत्यपाल मलिक ने मेरठ से शिक्षा प्राप्त की और मेरठ से ही छात्र राजनीति से शुरूवात की उसके बाद विधायक बने, सांसद बने, राज्यसभा सांसद बने और कई बार कई प्रदेशों के राज्यपाल बन कर पूरी ईमानदारी से देश की सेवा की। किसान परिवार में अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ता है उसके बावजूद सत्यपाल मलिक ने उच्च शिक्षा प्राप्त की और अनेकों पदों पे रहते हुए समाज को एक दिशा दिखाने का काम किया। किसान आंदोलन में जम्मू कश्मीर के राज्यपाल होने के बावजूद भी किसानों की मांग को जायज बताया और किसानों का पक्ष लिया। क्यों कि सत्यपाल मलिक जाट समाज और किसान परिवार से आते है और जाट समाज ने हमेशा समाज में गलत बात का विरोध किया है। किसान आंदोलन में सत्यपाल मलिक का विरोध करना सरकार को रास नहीं आया और सरकार ने उनके खिलाफ जांच बैठा दी। बड़े दुर्भाग्य की बात है सत्यपाल मलिक के निधन होने पर सरकार का कोई नुमाइंदा नहीं पहुंचा, झंडा विहीन यात्रा निकली और अंतिम समय में किसी प्रकार का कोई राष्ट्रीय सम्मान नहीं दिया गया। जिसकी हम निंदा करते हैं। इसका मतलब ये हुआ कि सब लोग गूंगे बन कर बैठे रहे और अगर कोई सरकार के खिलाफ कोई कुछ बोलेगा तो उसे सरकार का विरोधी माना जाएगा। सत्यपाल मलिक हमारे आदर्श थे और हम उनके बताए हुए मार्ग पर चलते रहेंगे।

## भारत पर ट्रंप के 50% टैरिफ लगाने की हम घोर निंदा करते हैं : पं. अशोक भारतीय



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुढ़ापे में सठिया गए हैं उनकी विनाशकाले विपरीत बुद्धि हो गई है। भारत पर ट्रंप ने 50% टैरिफ लगाया है भारत रुस से कच्चा तेल खरीदता है। अमेरिका इस खरीद का विरोध करता है जबकि अमेरिका खुद रुस से यूरेनियम तथा पैलेडियम आदि खरीदता है। मैं पंडित अशोक भारतीय अमेरिका की इस बचकानी हरकत की कठोर शब्दों में निंदा करता हूं। अमेरिका भारत के दुश्मन पाक के सेनाध्यक्ष मुनीर को बुलाकर बिरयानी खिलाता है तथा भारत का खुलेआम अपमान करने का असफल प्रयास करता है। पाकिस्तान को खुश करने के लिए ही भारत पर टैरिफ लगता है जबकि चीन और तुर्की भी रसिया से तेल खरीदते हैं। यह दोहरा मापदंड जो अमेरिका भारत के साथ अपना रहा है। भारत पर आर्थिक दबाव बनाना चाहता है।

## भक्ति जीवन की मधुरता का अनुभव कराती है : आचार्य मनीष पंडित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आचार्य मनीष पंडित प्रबंधक हिंडन मोक्षधाम एवं अध्यक्ष राम चंद्र सीता देवी हरनंदी सेवा संस्थान ने बताया कि भक्ति जीवन की मधुरता का अनुभव कराती है अगर आप जागरूक और सचेतन हैं कि आपसे कहीं अधिक विशाल कोई चीज कार्य कर रही है तो आप स्वाभाविक रूप से भक्त हैं। अगर आप अपने जीवन अनुभव को देखते हैं तो आपको जब भी कोई खुशी होती है इससे फर्क नहीं पड़ता कि उसकी प्रेरणास्रोत क्या है। हो सकता है कि आपने सूर्य को देखा और आप खुशी से भर गए हो। सकता है कि आपने कोई संगीत सुना और आप आनंद विभोर हो गए। आपको कोई सफलता मिली और आप खुश हो गए। वह हमेशा आपके भीतर से ही आई होती है। वह आप पर कहीं और से नहीं बरसी होती तो खुशी का स्रोत आपके भीतर ही है। आमतौर पर लोग बुद्धि की तुलना में भावना को हेय दृष्टि से देखते हैं जो लोग सोचते हैं कि वह बुद्धिमान है वे भक्ति के किसी भी रूप से हमेशा दूर रहने की कोशिश करते हैं लेकिन अब लोग भावनात्मक बुद्धिमत्ता की बात कर रहे हैं क्योंकि भावना में कई तरह से बुद्धि से अधिक तीव्र होने की काबिलयत है। बुद्धि में एक खास ठंडापन होता है लेकिन भावना हर चीज को गले लगा सकती है भक्ति जीवन की पूर्णता को जान सकती है।

# धोनी ने बांधे विराट कोहली की तारीफों के पुल खूबियां गिनाते हुए कहा- वो नाचने-गाने का शौकीन है



**मुंबई।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपने लंबे वक्त तक साथी रहे विराट कोहली की तारीफों के पुल बांधे हैं। उन्होंने कहा कि किंग कोहली खेल के साथ-साथ नाचने और गाने के शौकीन हैं। धोनी ने कहा कि कोहली बहुत मनोरंजक व्यक्ति हैं और बेहतरीन खिलाड़ी हैं। बता दें कि, धोनी ने 2014 में टेस्ट से संन्यास लिया था और 2016-17 में वनडे-टी20 की कप्तानी छोड़ी थी। तब टीम के उपकप्तान रहे विराट कोहली को तीनों प्रारूप में कप्तानी सौंपी गई थी।

### धोनी की कप्तानी में कोहली ने किया था डेब्यू

कप्तान के रूप में धोनी ने कोहली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शुरूआती वर्षों में निखारने में अहम भूमिका निभाई। जब कोहली ने 2008 में डेब्यू किया था तब धोनी पहले से ही एक स्थापित कप्तान थे और उनके शांत नेतृत्व में कोहली को एक आक्रामक और जोशीले खिलाड़ी के रूप में विकसित होने का मौका मिला। दोनों की जोड़ी ने सहजता से काम किया जहां धोनी विकेट के पीछे एक शांत रणनीतिकार की भूमिका निभाते थे और कोहली बल्ले से जोश और तीव्रता लाते थे। धोनी ने एक कार्यक्रम में कहा, 'वह (विराट कोहली) एक अच्छे गायक हैं। वह एक अच्छे डांसर हैं। वह नकल करने में भी माहिर हैं। अगर उनका मूड हो तो वह बहुत ही मनोरंजक होते हैं।'

कोहली ने कई बार धोनी के अटूट समर्थन की बात की है, खासकर उन दौरों के दौरान जब उनका फॉर्म खराब चल रहा था या जब उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। कोहली ने धोनी की तारीफ करते हुए कहा, 'वह हमेशा मेरे कप्तान रहेंगे।'

# सीबीएसई नॉर्थ जोन-1 शूटिंग प्रतियोगिता में आर्यन मौर्य ने जीता स्वर्ण पदक



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सीबीएसई नॉर्थ जोन-1 शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए निशानेबाजों ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता एमआईईटी पब्लिक स्कूल, में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण रहा *अंडर-17 बॉयज 10 मीटर एयर पिस्टल टीम इवेंट, जिसमें दीवान पब्लिक स्कूल के शार्पशूटर्स आर्यन मौर्य, कार्तिक गुप्ता और समर्थ अग्रवाल ने बेहतरीन निशानेबाजी और टीमवर्क का प्रदर्शन करते हुए *स्वर्ण पदक जीता।

टीम की इस ऐतिहासिक जीत में दीवान पब्लिक स्कूल की शिक्षिका श्वेता मैम बतौर टीम मैनेजर और मेंटर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ने खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। खिलाड़ियों को उनकी इस उपलब्धि पर एमआईईटी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन द्वारा सम्मानित किया गया। जिससे इस जीत का गौरव और भी बढ़ गया। इस प्रतियोगिता में नॉर्थ जोन-1 क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठित स्कूलों ने भाग लिया, जिससे यह जीत और भी ऐतिहासिक बन गई। आर्यन, कार्तिक और समर्थ को इस सुनहरी उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई, और श्वेता मैम को उनके मार्गदर्शन के लिए विशेष आभार।

## युवा भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन चार खिलाड़ियों ने फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर 22 एशियाई मुक्केबाजी के फाइनल में जगह बना ली है। नीरज ने दक्षिण कोरिया के योंगहो बांग को पुरुषों के 75 किलो वर्ग में 5-0 से हराया। वहीं पुरुषों के 90 प्लस किलो वर्ग में ईशान कटारिया ने चीन के चेन चेन को मात दी जब तीन दौर के बाद रेफरी ने मुकाबला रोक दिया। महिलाओं के 57 किलो वर्ग में यात्री पटेल ने वियतनाम की थि नुंग क्वांड को 5-0 से हराया। प्रिया ने 60 किलो वर्ग में उजबेकिस्तान की ओडिनाखोन इसमोइलोवा को हराया। रॉकी चौधरी का ईरान के सैम एस्ताकी के खिलाफ मुकाबला दूसरे दौर के बाद रोकना पड़ा क्योंकि उनकी दोनों भौहों के ऊपर कट लग गया था। हर्ष (60 किलो) और मयूर (90 किलो) भी अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों से हार गए। हर्ष को उजबेकिस्तान के शोहरूह अब्दुमालिकोव ने 5-0 से हराया।

# रद्द हो जाएगा भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाला एशिया कप मैच? अमीरात बोर्ड के अधिकारी ने दिया जवाब



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले एशिया कप के मुकाबले को लेकर कयासों का दौर जारी है। भारतीय प्रशंसकों की मांग है कि टीम इंडिया को पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलना चाहिए। हालांकि, अमीरात क्रिकेट बोर्ड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) का मानना है कि एशिया कप में ऐसी स्थिति उत्पन्न होने की संभावना नहीं है।

### डब्ल्यूसीएल में पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेला था भारत

हाल ही में भारत चैंपियंस ने पाकिस्तान के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 का मुकाबला खेलने से इनकार कर दिया था। टीम ने पहले लीग राउंड में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार किया था। इसके बाद युवराज सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने अपने फैसले पर अडिग रहते हुए पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल मैच का बहिष्कार कर दिया था।

ऐसी ही स्थिति एशिया कप में भी बनती दिख रही है। नौ सितंबर से शुरू होने वाले इस टूनार्मेंट में भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इसके बाद टीम का सामना पाकिस्तान से 14 सितंबर को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर होना है जबकि तीसरा मुकाबला ओमान से 19 सितंबर को अबु धाबी में खेला जाएगा। भारतीय प्रशंसकों की मांग है कि भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से इनकार कर देना चाहिए। हालांकि, अब तक इस पूरे मामले पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है।

इस बीच अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) सुभान अहमद ने द नेशनल से बात करते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान मैच के रद्द होने की संभावना कम है। उन्होंने कहा, 'हम कोई गारंटी नहीं दे सकते, लेकिन एशिया कप की तुलना डब्ल्यूसीएल जैसे निजी आयोजन से करना ठीक नहीं है। जब एशिया कप में खेलने का फैसला लिया जाता है, तो पहले से सरकारी अनुमति ली जाती है। देशों के कार्यक्रम की घोषणा करने से पहले यह निश्चित रूप से किया गया है। इसलिए उम्मीद है कि हम डब्ल्यूसीएल जैसी स्थिति में नहीं होंगे।' एशिया कप में भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा जाएगा, जहां दोनों एक बार भिड़ेंगी। इसके बाद सुपर फोर चरण में एक-दूसरे के खिलाफ एक और मुकाबला खेलने का मौका मिलेगा। अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं तो उनके बीच तीसरी मुकाबला भी खेला जा सकता है। बीसीसीआई इस टूनार्मेंट का मेजबान है। टूनार्मेंट का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में इसलिए हो रहा है, क्योंकि भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव के कारण दोनों देशों ने 2027 तक केवल तटस्थ स्थानों पर ही मैच खेलने पर आपसी सहमति जताई है।

## क्रिस वोक्स ने ऋषभ पंत के साथ अपनी बातचीत का किया खुलासा, बताया उनसे क्यों मांगी थी माफी

नई दिल्ली। इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ हुई बातचीत का खुलासा किया है और बताया कि उन्होंने पंत से माफी मांगी थी। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज के दौरान वोक्स की गेंद पंत की अंगुली में लगी थी जिस कारण उन्होंने पंत से माफी मांगी। चोट के कारण पंत पांचवें टेस्ट मैच में नहीं खेले थे और उन्हें सीरीज से बाहर होना पड़ा था। भारत ने हालांकि, पांचवां टेस्ट मैच अपने नाम सीरीज 2-2 से बराबर कर दी थी। वोक्स और पंत दोनों ही सीरीज के दौरान गंभीर चोटों के बावजूद बल्लेबाजी के लिए उतरकर अपनी-अपनी टीमों के लिए साहस के प्रतीक बन गए। जहां पंत ने मैनचेस्टर में अपने पैर के टूटे अंगूठे के बावजूद बल्लेबाजी की तो वहीं, वोक्स पांचवें टेस्ट के दौरान कंधे की हड्डी खिसकने के बावजूद क्रीज पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। वोक्स ने कहा, मैंने देखा कि पंत ने इंस्टाग्राम पर सैल्यूट इमोजी के साथ मेरी एक तस्वीर डाली थी तो मैंने उन्हें धन्यवाद देते हुए जवाब दिया कि प्यार के लिए शुक्रिया और उम्मीद है कि पैर ठीक होगा।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक 085/निर्माण/2025-26 दिनांकः 07.08.2025

**ई-टेण्डर निविदा सूचना**

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा मोहननगर जोन में कार्यालय भवन के निर्माण कार्य हेतु अल्पकालीन ई-निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है, जिन्हे दिनांक 28.08.2024 अपरान्हः 3.00 तक वेबसाईड से डाउनलोड कर अपलोड करना आवश्यक होगा। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 28.08.2024 सांय 4.00 बजे से खोला जायेगा। उक्त निविदा हेतु 03 प्रतिशत की धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क (नॉन रिफन्डेबिल) वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर जमा करना अनिवार्य होगा।

ऐसे निविदादाता/फर्म जो नगर निगम गाजियाबाद में पंजीकृत नही है, के लिए शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के आलोक में निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, समान कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र तथा जी.एस.टी. नम्बर वेबसाइट पर आपलोड करना आवश्यक होगा। विस्तृत निविदा सूचना/नियम व शर्ते http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
गाजियाबाद नगर निगम

# स्वर्गीय रमेश चन्द त्यागी को दी गई शोक सभा में श्रद्धांजलि




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता संजय त्यागी के पिता और निगम पार्षद छाया त्यागी के ससुर रमेश चन्द त्यागी का 28 जुलाई को निधन हो गया था। स्वर्गीय रमेश चन्द त्यागी की शोक सभा गुरुवार को नंदग्राम के बाबा फार्म हाउस में आयोजित की गई। शोक सभा में समाज और राजनीति के गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने स्वर्गीय रमेश चन्द त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# ग्राम-सरना और बसंतपुर सैंतली में अवैध कालोनियों पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

## कालोनाइजर के साईट ऑफिस और सड़क किये ध्वस्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देशन में एवं प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में गुरुवार को आजाद पुत्र कल्लू द्वारा ग्राम-सरना, पाईप लाईन रोड़, मुरादनगर गाजियाबाद, के खसरा संख्या-1533 व 1530, 1308, 1256-1258, 1273-1275 के लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में, रविन्द्र सिरोही पुत्र आर0एस0 सिरोही, ग्राम-नवीपुर, मुरादनगर, गाजियाबाद खसरा संख्या-35 के लगभग 8500 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में पूर्व निर्मित सड़को पर पत्थर डालने का कार्य, एक भवन का निर्माण पूर्ण कर एवं अध्यासित है एवं रविन्द्र, ग्राम-बसन्तपुर सैंतली, नवीपुर बम्बा, दुहाई, गाजियाबाद द्वारा खसरा संख्या-20, पर लगभग 20000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अवैध कालोनी में सड़क, बाउण्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस को ध्वस्त कर दिया गया है। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान अवैध निर्माणकताओं द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की प्रभावी कार्यवाही के द्वारा नियन्त्रित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 द्वारा लोगों को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति प्राप्त किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नही जायेगा।

उपरोक्त अनाधिकृत रूप से किये गये निर्माण के विरूद्ध सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण एवं प्रवर्तन जोन-2 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

# मेरठ तिराहा रैपिट मैट्रो स्टेशन का नाम भारत रत्न चौ. चरण सिंह के नाम पर रखा जाए

## राष्ट्रीय लोकदल ने प्रधानमंत्री मोदी के नाम लिखा ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत रत्न स्व० चौधरी चरण सिंह किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार, हमारे देश का गौरव हैं। भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरान्त भारत रत्न प्रदान किया है। स्व० चौधरी चरण सिंह ने गाजियाबाद बार एसोसिएशन में वकालत का कार्य किया। गाजियाबाद उनकी कर्मभूमि रही। मेरठ रोड तिराहा पर स्व० चौधरी चरण सिंह पुस्ताकालय स्थित है और वहां पर ही रैपिड मैट्रो का स्टेशन बनाया गया है। आपसे निवेदन है कि उक्त मैट्रो स्टेशन का नाम भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के नाम पर कराया जाए।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। महेश शर्मा ने आईपीएस अधिकारी राजीव दीक्षित से मुलाकात की। महेश शर्मा ने मुलाकात के इस पल को सोशल मीडिया पर साझा किया। आईपीएस अधिकारी राजीव दीक्षित से महेश शर्मा की मुलाकात की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# कुत्तों को खाना खिलाने से नाराज लोगों के उत्पीड़न से तंग आकर लगाए मकान बिकाऊ के पोस्टर

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर की किदवई नगर कॉलोनी में एक पशु प्रेमी दबंगों के उत्पीड़न से परेशान होकर अपना घर बेचने पर मजबूर हो गए हैं। शाह आलम उर्फ बॉबी, जो आवारा पशुओं की सेवा करते हैं, ने अपने घर के बाहर मकान बिकाऊ के पोस्टर लगा दिए हैं।

शाह आलम रोजाना आवारा कुत्तों को खाना खिलाते हैं। इस कारण उनके घर के बाहर सुबह-शाम कई कुत्ते एकत्र हो जाते हैं। कॉलोनी के कुछ लोग इससे नाराज हैं और उन्हें ऐसा न करने के लिए कहते रहे हैं। हाल ही में शाह आलम ने एक कुत्ते की पिटाई के मामले में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद से कॉलोनी के कुछ दबंग लोग उनसे रंजिश रखने लगे। शाह आलम का आरोप है कि ये लोग उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि पुलिस में कई बार शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे आहत होकर उन्होंने अपने घर के बाहर मकान बिकाऊ के पोस्टर लगा दिए हैं।

# उद्योग जगत की समस्याओं के समाधान के लिए औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी से मिले संजीव गुप्ता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लखनऊ में उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी से गाजियाबाद के उद्योगपतियों ने मुलाकात करते हुए उद्योग जगत की कुछ प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। गुरुवार को ऑल इंडिया इंडस्ट्रियलिस्ट एशोसिएशन के अध्यक्ष उपेन्द्र गोयल, मनोज शर्मा, संजीव सचदेवा सहित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल उद्योग मंच के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों सहित यूपीसीडा के द्वारा इंडस्ट्रीज के रखरखाव के लिए 72 रुपए / स्क्वॉड शुल्क वसूलने पर भी आपत्ति दर्ज कराई गई। ऑल इंडिया इंडस्ट्रियलिस्ट संगठन के अध्यक्ष उपेन्द्र गोयल ने बताया कि मंत्रीजी ने हमारी बातों को बहुत ही ध्यान से सुना तथा उन्हें उचित मानते हुए, तत्काल ही यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी को इनके जल्द से जल्द समाधान कराने के लिए आदेशित किया। उद्योग जगत की समस्याओं के लिए सदैव अग्रसर रहने के लिए सुनील सचदेवा सहित सभी ने नंदगोपाल नंदी का आभार प्रकट किया है।

## समस्याओं का तात्कालिक निवारण का दिया आश्वासन



**करंट क्राइम।** उद्योग व्यापार मण्डल उद्योग मंच के प्रदेश अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने लखनऊ में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण मंत्री एवं गाजियाबाद जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरूण से मुलाकात करते हुए उद्योग जगत की कुछ प्रमुख समस्याओं से मंत्रीजी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मंत्रीजी ने हमारी बातों को बहुत ही ध्यान से सुना तथा तात्कालिक उनके निवारण का आशवासन दिया। इस अवसर पर उपेन्द्र गोयल, संजीव सचदेवा, मनोज शर्मा भी साथ रहे।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनुज चौधरी के परिजनों से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल

## किसानों की लड़ाई में कांग्रेस पार्टी का पूरा सहयोग देने का दिया आश्वासन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बुधवार को गाजियाबाद कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार डसना जेल में बंद किसान नेता वरिष्ठ कांग्रेसी अनुज चौधरी के महरौली गांव स्थित उनके परिवार जनों से मिला। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने व्यक्तिगत रूप से पूर्व मंत्री सतीश शर्मा बुलंदशहर फ्रॉम संभल जिला के नोडल कोऑर्डिनेटर वरिष्ठ कांग्रेस नरेंद्र चौहान को फोन करके जेल में बंद किसान नेता अनुज चौधरी के परिवार जनों से मिलने के आदेश दिए। अनुज चौधरी के घर जाकर पूर्व मंत्री सतीश शर्मा एवं नरेंद्र चौहान ने फोन से अनुज चौधरी के परिवार जनो की वार्ता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय से करवाई। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अनु चौधरी के परिवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से पूरी सहायता एवं किसानों की लड़ाई में कांग्रेस पार्टी का पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया और उनके परिवार को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। विदित है कि कवि नगर थाना पुलिस ने वेव सिटी में धरना दे रहे किसानों को 3 दिन पहले डसना जेल में बंद कर दिया था।




# आज सजेगी खाकी वालों की कलाई

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नए कमिश्नर के कार्यकाल में नई व्यवस्थाएं, परंपराएं और योजनाएं सफल की जा रही हैं। तो पुलिस कमिश्रेट गाजियाबाद वाले सिस्टम को पहले से ज्यादा बेहतर बनाने पर जोर दिया जा रहा है। शांत माहौल में सब कुछ सही करने का काम हो रहा है। इसी बीच जानकारी मिली है कि शुक्रवार को सिटी जोन में खाकी वालों की कलाई पर रशिमी डोर सजेगी। बड़ी संख्या में बहाने उन्हें राखी बंधेंगी और उनकी लंबी उम्र की कामना करेंगी। सिटी जोन पुलिस और डिजिटल वालंटियर फोर्स के साथ ही प्रमुख संस्थाओं की एक्टिव महिलाएं खाकी वालों को राखी बांधने का काम करेंगी। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों ने बताया है कि सिटी वाले शंभू दयाल डिग्री कॉलेज में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सिटी वाले साहब, तो इलाके वाले एसीपी और थाना प्रभारी से लेकर अन्य पुलिस कर्मियों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शासन स्तर पर सात और आठ अगस्त को अलग-अलग विभागों की ओर से रक्षाबंधन के त्यौहार को प्रमुखता से मनाने का निर्देश दिया गया था। इसी कड़ी में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम की खाकी भी पीछे नहीं रही है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को जहां घंटाघर थानाक्षेत्र अंतर्गत आने वाले पिंक बूथ की महिलाओं पुलिस कर्मियों को महिलाओं ने राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की मंगल कामना की है। तो शुक्रवार को भी आयोजन बड़ा किया जा रहा है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि इसी प्रकार के आयोजन कई अन्य सर्किल और जोन में भी आयोजित किया जा सकते हैं। तो वहीं बीते कई दिनों से एक संस्था की बहनें कमिशनरेट के तमाम स्तर के अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधने का काम कर रही हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि सिटी वाले एसीपी कुछ नया करने के मूड में रहते हैं और यह कार्यक्रम भी उनकी ऊर्जा की वजह से ही संभव होने की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है इस कार्यक्रम के लिए सिटी वाले साहब ने भी आने की इजाजत प्रदान कर दी है। तो देखना होगा आज आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम कितना सफल और भव्य रहता है। बताया जा रहा है कि पुलिस से लेकर उसमें वो लोग भी लगे हुए हैं कि जो कांवड़ यात्रा से लेकर अन्य ड्यूटी पर पसीना बहाते हैं। वो भी नजर आएंगे।



# अमेरिका 32.5 करोड़ डॉलर की रूसी सुपरयाट अमाडिया की कर रहा नीलामी, यूक्रेन पर आक्रमण के बाद की थी जब्त

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका एक बहुत ही महंगी लग्जरी सुपरयाट अमाडिया की नीलामी कर रहा है, जिसकी कीमत 32.5 करोड़ डॉलर है। यह सुपरयाट रूस की है। अमेरिका ने इसे यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद जब्त कर लिया था। यह पहली रूसी सुपरयाट है, जिसे अमेरिका अब बेच रहा है।

यह नीलामी 10 सितंबर तक चलेगी। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर युद्ध समाप्त करने का दबाव बना रहे हैं। अमेरिका ने कहा है कि वह अपने सहयोगियों के साथ मिलकर रूस के अमीर लोगों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, जिनमें से कुछ राष्ट्रपति पुतिन के करीबी हैं और उनकी सुपरयाट जब्त कर ली गई हैं। अमेरिका चाहता है कि वे पुतिन को युद्ध रोकने के लिए मजबूर करें।



रूसी सुपरयाट अमाडिया को अमेरिका ने तीन साल पहले जब्त किया था। यह याट वर्तमान में सैन डिएगो में खड़ी है, जो 348 फीट लंबी है। इस याट का निर्माण जर्मन कंपनी लुर्सेन ने 2017 में विशेष रूप से किया था। इस सुपरयाट को फ्रांस्वा जुरेट्टी ने डिजाइन किया था। इसका अंदर का हिस्सा संगमरमर का है। इस याट में आठ राजकीय कक्ष, एक ब्यूटी सैलून, एक स्पा, एक जिम, एक हेलीपैड, एक स्वीमिंग पूल और एक लिफ्ट है। इसमें 16 मेहमानों और 36 चालक दल के सदस्यों के रहने की व्यस्था है।

याट का असली मालिक कौन अमेरिका द्वारा जब्त की गई अमाडिया का असली मालिक कौन है, यह अभी साफ नहीं है। यह केमैन द्वीप में स्थित मिलमारिन इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के नाम पर रजिस्टर्ड है। अमेरिका का कहना है कि याट के असली मालिक अर्थशास्त्री और पूर्व रूसी राजनेता सुलेमान केरीमोव हैं, जिन पर 2018 से अमेरिकी प्रतिबंध लगे हैं। लेकिन सरकारी नियंत्रण वाली रूसी तेल और गैस कंपनी रोसनेफ्ट के पूर्व अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी एडुआर्ड खुदैनाटोव इस याट के मालिक होने का दावा कर रहे हैं।

याट की जब्ती के खिलाफ कोर्ट में अपील कर रहे खुदैनाटोव अमेरिकी अभियोजकों का कहना है कि खुदैनाटोव इस याट के एक छद्म मालिक हैं, जिनका उद्देश्य याट के असली मालिक केरीमोव को छिपाना है। खुदैनाटोव इस याट की जब्ती के खिलाफ कोर्ट में अपील कर रहे हैं। उनके वकील एडम फोर्ड का कहना है कि याट की नीलामी गलत है और इसका कानूनी रूप से विरोध किया जाएगा।

# कोरियाई: बिछड़े रिश्ते, टूटी यादें और अधूरी मुलाकातें

## कोरियाई युद्ध के दिग्गजों ने बताई 1953 से अब तक की कहानी

**कोरियाई ।** किम चेओंग सान और उनकी पत्नी मिन ओक सन दोनों 90 वर्ष के करीब हैं। वो कहते हैं कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि कोरियाई युद्ध में विस्थापित होने के बाद, दक्षिण कोरिया के ग्योदोंग द्वीप पर 70 साल पहले बना उनका अस्थायी टिन की छत वाला आश्रय उनका स्थायी घर बन जाएगा।

ग्योदोंग-डो यानी ग्योदोंग-द्वीप उत्तर और दक्षिण कोरिया की सीमा पर स्थित है। 90 वर्षीय दंपत्ति किम और मिन की तरह, यहां भी 1950 के दशक में कोरियाई युद्ध में शामिल हुए कई विस्थापित उत्तर कोरियाई लोग रहते हैं। ग्योदोंग-डो को गंगवा-डो से जोड़ने वाला एक पुल है, जहां असैन्यीकृत क्षेत्र (डीएमजेड) शांति पथ स्थित है। इसे 2014 में बनाया गया था। इससे पर्यटकों को इस क्षेत्र में आने की अनुमति मिलती है। पर्यटक डेयरयोंग गांव और डेयरयोंग बाजार देखने के लिए इस क्षेत्र में आते रहे हैं, जिसका



आकर्षण 1970 के दशक की याद दिलाता है। किम का जन्म 1930 में ह्वांगहे-डो (अब उत्तर कोरिया में) में हुआ था, एक गुरिल्ला इकाई, व8240 यूल्जी टाइगर ब्रिगेड एसोसिएशन के सदस्य थें। इस इकाई ने 25 जून, 1950 को कोरियाई युद्ध छिड़ने के बाद, अमेरिकी वायु सेना के पायलटों के बचाव कार्यों में अमेरिकी सेना के सैनिकों की मदद की थी, जो उनके परिचित क्षेत्र, उत्तरी क्षेत्र में थे। मिन का जन्म उनके पति के गांव में ही हुआ था, केवल 17 वर्ष की आयु में ग्योदोंग-डो आई थीं। लेकिन युद्ध के बाद देश विभाजित हो गया और उन्हें कभी वापस जाने का मौका नहीं मिला। 27 जुलाई, 1953 को युद्ध समाप्त होने पर, इस जोड़े सहित कई उत्तर कोरियाई लोग ग्योदोंग द्वीप पर अस्थायी रूप से बस गए थे। किम कहते हैं कि यहां के ग्रामीणों ने टिन की छत वाले आश्रय बनाकर हम शरणार्थियों को बसने में मदद की। अब, वर्षों से, हमारे अस्थायी निवास स्थायी घरों में बदल गए हैं। शादी पर क्या बोले दिग्गज मिन ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं शादी करूंगा और अपना पूरा जीवन यहीं बिताऊंगा। मैं बस शांति के लिए तरस रहा था और अपने गृहनगर अपने माता-पिता के पास लौटना चाहता था और वहीं, उनके सामने शादी करना चाहता था। दंपति के तीन बेटे हैं। सभी दक्षिण कोरिया के अलग-अलग शहरों में अच्छी तरह से बस गए हैं। दंपत्ति के बेटे और पोते-पोतियां अक्सर उनसे मिलने आते है उनकी तरह, द्वीप पर कुछ और कोरियाई युद्ध के पूर्व सैनिक हैं जिनके लिए बीते युग की यादें और कोरिया के विभाजन का दर्द आज भी ताजा है।

# डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक के लिए संयुक्त अरब अमीरात एक संभावित जगह

**अमेरिका ।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ होने वाली संभावित बैठक के लिए संयुक्त अरब अमीरात एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इससे पहले क्रेमलिन ने गुरुवार को कहा कि आने वाले दिनों में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच एक बैठक पर सहमति बन गई है। यह खबर ऐसे वक्त सामने आई है, जब एक सर्वेक्षण में दावा किया गया है कि यूक्रेन के लोग रूस के लड़ाई को समाप्त करने वाले समझौते के लिए उत्सुक हैं। 'यह एक ऐतिहासिक बैठक हो सकती



है' रूसी राष्ट्रपति के निवेश एवं आर्थिक सहयोग दूत किरिल ए. दिमित्रिव ने गुरुवार को साफ किया कि अगले सप्ताह पुतिन और ट्रंप के बीच संभावित मुलाकात की तैयारियां चल रही हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दिमित्रिव ने कहा, 'रूस पुष्टि करता है कि पुतिन-ट्रंप शिखर सम्मेलन अगले सप्ताह हो सकता है। शिखर सम्मेलन की तैयारियां जारी हैं। यह एक ऐतिहासिक बैठक हो सकती है। संवाद ही सफल होगा।'

बैठक के लिए स्थान पर भी सहमति बन गई है' इससे पहले पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा था कि दोनों पक्ष एक बैठक की योजना बनाने पर काम कर रहे हैं। बैठक के लिए स्थान पर भी सहमति बन गई है। इसकी घोषणा बाद में की जाएगी। यह पुष्टि अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से मॉस्को में पुतिन के साथ वार्ता के एक दिन बाद हुई है। यह बैठक व्हाइट हाउस की ओर से रूस को यूक्रेन के साथ शांति समझौता करने या आर्थिक दंड का सामना करने की दी गई समय सीमा से कुछ ही दिन पहले हुई थी।

# छह साल की भारतीय मूल की बच्ची और होटल कर्मचारी हाल ही में आयरलैंड में बढ़ी नस्लीय हिंसा ने डराया

**लंदन ।** इसके अलावा, डबलिन में एक होटल कर्मचारी को भी हिंसा का शिकार बनाया गया।

केरल की रहने वाली और अब आयरिश नागरिक बन चुकीं अनूपा अच्युतन पिछले आठ साल से आयरलैंड में नर्स के रूप में काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी निया नवीन आयरलैंड में ही पैदा हुई है, वह अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी कुछ लड़कों ने उस पर हमला किया। उन लड़कों ने बच्ची से कहा, 'डर्टी इंडियन' वापस इंडिया जाओ और गालियां भी दीं। यह हमला सोमवार शाम को हुआ।




**आयरलैंड में पिछले कुछ समय से भारतीय मूल के लोगों पर हमलों की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला वॉटरफोर्ड शहर का है, जहां छह साल की एक भारतीय मूल की बच्ची पर कुछ लड़कों ने हमला कर दिया**

विज्ञापन अनूपा ने 'आइरिश मिरर' को बताया कि एक गवाह ने कहा कि 8 से 14 साल के उम्र के लड़कों ने निया को साइकिल से मारा और फिर पांच लड़कों ने उसके चेहरे पर मुक्के मारे। बच्ची ने अपनी मां को बताया कि उसके गले में भी मुक्का मारा गया और बाल खींचे गए। इस घटना के बाद अनूपा ने कहा, मुझे बहुत दुख हो रहा है कि मैं अपनी बेटी की रक्षा नहीं कर सकी। मुझे लगा था कि वह यहां सुरक्षित है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

परिवार कुछ महीने पहले ही डबलिन से वॉटरफोर्ड आया था और उन्होंने यह नया घर बसाया था। अब इस हमले की जांच स्थानीय पुलिस कर रही है। पुलिस ने कहा कि सोमवार चार अगस्त 2025 को शाम के समय वॉटरफोर्ड शहर के किलबैरी इलाके में कथित हमले की सूचना मिली थी। जांच जारी है।

# शांति वार्ता से पहले पुतिन से मिले विटकॉफ

## अगले हफ्ते रूसी राष्ट्रपति से मिल सकते हैं ट्रंप

**कीव ।** अगर समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका रूस पर सख्त आर्थिक प्रतिबंध लगा सकता है, जिससे रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर भी असर पड़ सकता है। इस बीच, खबर है कि डोनाल्ड ट्रंप रूसी राष्ट्रपति पुतिन से अगले हफ्ते व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर सकते हैं।

क्रेमलिन ने बताया कि यह मुलाकात करीब तीन घंटे तक चली। पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा कि यह बातचीत उपयोगी और सकारात्मक रही। इसमें यूक्रेन के हालात, अमेरिका-रूस संबंधों में सुधार और दोनों देशों के बीच भविष्य में रणनीतिक सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई।



ट्रंप बोले- बैठक में प्रगति हुई डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर बताया कि विटकॉफ की पुतिन के साथ 'बहुत उपयोगी बैठक' हुई, जिसमें काफी प्रगति हुई है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मॉस्को में मुलाकात की। ये मुलाकात उस समय हुई जब रूस को यूक्रेन के साथ शांति वार्ता करने के लिए दी गई समय सीमा लगभग खत्म होने वाली है**

यूरोप में अमेरिका के सहयोगियो को बैठक के बारे में जानकारी दे दी है। अमेरिका अब अपने यूरोपीय सहयोगियों के साथ मिलकर रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। रूस पर जल्द ही नए प्रतिबंध संभवः व्हाइट हाउस इससे पहले, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि ट्रंप की दी हुई 10 दिन की डेडलाइन खत्म होने के बाद अमेरिका रूस पर और भी कड़े प्रतिबंध लगा सकता है।

# ब्रिटेन में हिरासत में लिए गए छोटी नाव से आ रहे फ्रांसीसी प्रवासी

**लंदन ।** फ्रांस और ब्रिटेन हुए समझौते को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ब्रिटेन के सीमा अधिकारियों ने छोटी नावों से इंग्लिश चैनल पार करके यूके में आए फ्रांसीसी प्रवासियों के एक दल को हिरासत में लिया। इनको अब वापस फ्रांस भेजा जाएगा। पिछले महीने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच समझौता हुआ था कि ब्रिटेन में आने वाले प्रवासियों को फ्रांस वापस भेजा जाएगा।

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने बताया कि प्रवासियों को बुधवार को समझौता लागू होने के बाद हिरासत में लिया गया। अब उन्हें फ्रांस वापस भेजे जाने तक आव्रजन निष्कासन केंद्रों में रखा जाएगा। गृह सचिव यवेट कूपर ने कहा कि इससे ऐसे सभी प्रवासियों को तक मेसेज जाएगा जो ब्रिटेन जाने के लिए संगठित अपराध गिरोहों को पैसे देने



के बारे में सोच रहे हैं। अब उनको पता लग जाएगा कि अगर वे छोटी नाव में सवार होते हैं तो वे अपनी जान जोखिम में डाल रहे होंगे और अपना पैसा बर्बाद कर रहे होंगे।

### दन में बैठक के दौरान हुआ था समझौता

पिछले महीने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच लंदन में हुई बैठक के दौरान समझौता हुआ था। स्टार्मर का मानना है कि यह कदम उन लोगों को हतोत्साहित करेगा जो खतरनाक तरीके से इंग्लिश चैनल पार कर ब्रिटेन आते हैं। समझौते के तहत ब्रिटेन और फ्रांस ने एक पायलट योजना पर सहमत हुए। इसके तहत ब्रिटेन में छोटी नावों से आने वाले कुछ प्रवासियों को फ्रांस वापस भेजा जाएगा। यह योजना हर हफ्ते 50 प्रवासियों पर लागू होगी।

# थाईलैंड-कंबोडिया: जारी रहेगा संघर्षविराम या शुरू होगी भीषण जंग, शांति वार्ता के बीच सीमा पर फिर बढ़ा तनाव

**कुआलालंपुर ।** मलयेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में थाईलैंड और कंबोडिया के बीच संघर्ष विराम को मजबूत करने के लिए वार्ता जारी है। लेकिन दूसरी ओर, दोनों देशों की सेनाएं सीमा पर तैनाती बढ़ा रही हैं, जिससे आम लोगों में एक बार फिर संघर्ष शुरू होने का डर गहराता जा रहा है। मलयेशिया की मध्यस्थता में यह बातचीत ऐसे समय हो रही है जब हाल ही में दोनों सेनाओं के बीच टकराव में हजारों लोग विस्थापित हो चुके हैं।

वार्ता सोमवार को शुरू हुई और यह चार दिनों तक चलेगी। इसमें थाईलैंड के उप रक्षा मंत्री नत्ताफोन नकपनित और कंबोडिया के रक्षा मंत्री टीआ सेहा शामिल हैं। मलयेशिया, चीन और अमेरिका के पर्यवेक्षक भी इन वाताओं में भाग ले रहे हैं। 28 जुलाई को हुए संघर्ष विराम के बावजूद



दोनों पक्ष एक-दूसरे पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगा रहे हैं। थाईलैंड के सांसद वासावात पूंगपॉर्नसरी ने चेतावनी दी है कि स्थिति कभी भी विस्फोटक हो सकती है।

### लाखों नागरिकों पर संकट

24 जुलाई को हुए संघर्ष के बाद थाईलैंड के उबोन राचथानी प्रांत से करीब 20,000 लोगों को सुरक्षित निकाला गया था। अभी भी कई लोग अपने घरों से दूर शिविरों में रह रहे हैं। थाई अधिकारी स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं ताकि जिनके घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें मुआवजा मिल सके। मई में हुए संघर्ष में एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई थी। अब एक बार फिर हालात वैसे ही होते दिख रहे हैं।

दोनों सेनाओं के बीच 50 मीटर का फासला वासावात पूंगपॉर्नसरी के अनुसार, चोंग अनमा बॉर्डर क्रॉसिंग पर थाई और कंबोडियाई सैनिकों के बीच केवल 50 मीटर की दूरी है। यही इलाका पहले भी संघर्ष का केंद्र रहा है। स्थानीय निवासी फियान सोमस्री ने बताया कि कैसे बम उनके खेतों तक गिर रहे थे। वे पिछले दस दिनों से एक बौद्ध मंदिर में शरण लिए हुए हैं। उनका कहना है, ह्लतैयार थी, लेकिन कभी नहीं सोचा था कि ऐसा सच में हो जाएगा।ह्व


संघर्षविराम के बावजूद गहराता अविश्वास हाल ही में थाईलैंड ने संघर्ष में घायल दो कंबोडियाई सैनिकों को रिहा कर कंबोडिया को सौंप दिया। यह कदम संबंधों को सुधारने की दिशा में माना जा रहा है, लेकिन जमीनी हालात अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं।

# तकनीकी गड़बड़ी के चलते यूनाइटेड एयरलाइन्स ने अचानक से रोकीं कई उड़ानें, हजारों यात्री फंसे

**लांस एंजेलिस ।** अमेरिका की प्रमुख एयरलाइन यूनाइटेड एयरलाइन्स की कई उड़ानों को बुधवार को अचानक रोक दिया गया, जिससे हजारों यात्रियों को देरी और असुविधा का सामना करना पड़ा। हमें उम्मीद है कि शाम को और भी उड़ानों में देरी हो सकती है। यात्रियों की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हम उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने की पूरी कोशिश करेंगे।

### एफएए ने भी जारी किए आदेश

अमेरिका की उड़ानों को नियंत्रित करने वाली संस्था संघीय विमानन प्राधिकरण (एफएए) ने भी यूनाइटेड की उड़ानों पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। यह रोक डेनवर, न्यूआर्क, ह्यूस्टन और शिकागो जैसे बड़े एयरपोर्ट्स पर लागू की गई है।



विज्ञापन बता दें कि यह कोई पहली बार नहीं है जब अमेरिका की एविएशन सेवाओं में दिक्कत आई हो। पिछले महीने अलास्का एयरलाइंस की तकनीकी गड़बड़ी के कारण उसकी फ्लाइट्स घंटों रुकी रहीं। इस साल कई बार नेवार्क एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम फेल हो चुका है। जनवरी में वॉशिंगटन के पास एक यात्री विमान और मिलिट्री हेलिकॉप्टर की टक्कर में दर्जनों लोगों की जान चली गई थी।

**कंपनी ने बताया कि यह कदम एक तकनीकी गड़बड़ी के कारण उठाया गया है। इस मामले में यूनाइटेड एयरलाइन्स ने बयान जारी कर बताया कि तकनीकी समस्या की वजह से हमने अपनी मुख्य उड़ानों को उनके डिपार्चर एयरपोर्ट पर रोक दिया है।**

# करंट क्राइम ने रखा जब अपने पाठकों के सामने वरिष्ठता के पैमाने का सवाल

# तब लोगों ने कहा- चाटुकारिता, बड़ी गाड़ी और होर्डिंग का रहता है भौकाल




**नवनीत निमी**
दूसरे दलों से जितने भी नेता आजकल बीजेपी में आ रहे हैं। वे सभी वरिष्ठ है और यही परम सत्य है।

**अजय टंडन**
उसे डिग्री नहीं चापलूसी कहते है भाई जी वर्ना बहुत बड़े और समझदार कार्यकर्ता खाली हैं आजकल

**राजेन्द्र कुमार**
दीपक जी लगता है मेरी तरफ आप की J पर लाइक, कमेंट्स,शेयर कम संख्या में आते है तभी तो ऐसी ऐसी बातें पूछते रहते हो।

**ठाकुर सचिन चौहान**
वरिष्ठ वो होता हैं जिसने अपना जीवन पार्टी या संगठन मे लगा दिया।

**विक्रांत पंडित**
बड़ी गाड़ी 4 आदमी जिसके पास वही वरिष्ठ नेता बन जाता है अब और कार्यक्रमों में कोहनी पियाने लगता है लोगों को !! बाकि सब ठीक है

**रंजना अग्रवाल**
जब वो मेहमान की तरह बुलाया जाने लगे

**आसिफ सैफी**
सफेद बालों का दिखना क्योंकि हमने बचपन से एक बात सुनी है लौग कहते है। हमने बाल धूप में सफेद ना किये

**जयकमल अग्रवाल**
समय निष्ठा समर्पण

**जाट तेजवीर मान**
चाटुकारिता ही राजनीति का मूलमंत्र बन गया है।

**अशोक संत**
चप्पल घिसना वरिष्ता की परिभाषा है।

**प्रियंका पांड़े**
किसी बड़े नेता की सिफारिश।

**हेमन्त त्यागी**
दीपक भाटी जैसे वरिष्ठ पत्रकार होने के लिए एक मोबाइल की जरूरत होती वैसे नेता को खादी का कुर्ता पजामा चाहिए

**मीत गर्ग**
वरिष्ठ मतलब उन्होंने सब कुछ पार्टी को दे दिया है पर पार्टी ने अभी तक उन्हें कुछ नहीं दिया।

**शौकत कुरैशी**
पार्टी के प्रति आस्था और निस्वार्थ भाव से काम करने वाले लोग ही वास्तव में वरिष्ठ कह ला ने का हक रखते हैं

**पंडित मोहन झा**
सच-सच बोलने की क्षमता कमजोरों की मदद अपने से छोटे और बड़ों की सेवा में सदैव तत्पर मृदुल भाषी सबको साथ लेकर चलने वाला खुद की चिंता ना कर अपने और समाज प्रदेश देश की चिंता करने वाला भरी सभा में सच्चाई का पक्ष प्रमुखता से रखने वाला ही वरिष्ठ हो सकता है।

**हरूण चौधरी**
बड़ी गाड़ी कड़कदार कपड़े चार आदमी चरण वंदना वाले नेता को ही वरिष्ठ नेता कहा जाता है

**हेमंत मेहर**
वरिष्ठ होने के लिए सबसे पहले बुद्धि विवेक और समझदारी और निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए जैसे हमारे भाजपा के लीडरशिप में है जय हिंद जय भारत

**उदित सुरेश गिरी गोस्वामी**
बीजेपी का कार्यकर्ता या नेता लोगो ने बिल्कुल सच बोला सभी ने

**आदिल लाला**
जिसका बूथ, होगा मजबूत वही होगा वरिष्ठ नेता

**अनवर चौधरी**
सबसे बड़ा नेता वह है जिसने पत्रकारिता डिग्री हासिल कर ली

**अमरिश चौधरी**
जो जितना बड़ा चाटुकार जो जितना बड़ा गणेश परिक्रमा लगाने वाला बड़ी-बड़ी ऑडियो में दिखने वाला और जो पार्टी सत्ता में आने के बाद जिन लोगों ने पार्टी का दामन थामा है वह सब बड़े और वरिष्ठ नेता है बाकी जब पार्टी सत्ता में नहीं थी उसे टाइम जिन लोगों ने काम किया और काम कर रहे हैं वह अपने आप को बड़ा और वरिष्ठ नहीं बताते उन्हें कार्यकर्ता खुद कहते हैं कि यह पुराना है वरिष्ठ है बाकी जो नए आए हैं वह खुद लिखते हैं अपने आप को वरिष्ठ भाजपा नेता

**रवि चौहान**
सफेद कर लो हो गए।

**फहीम चौधरी पार्षद**
जन्म प्रमाण पत्र जिसकी उम्र 50 वर्ष हो, तुरंत वरिष्ठ कहलाये जायेंगे।

**गौरव श्रीवास्तव**
वरिष्ठ नेता तो इतने हो गए हैं कि अब हम भी कंफ्यूज हो गए हैं कि किस से पूछे कौन सी डिग्री लेनी पड़ेगी

**धर्मेन्द्र शर्मा**
चरण वंदना योग पचास वर्ष तक।

**सुनील कुमार शर्मा**
भाई साहब बता तो दूंगा लेकिन मिर्ची लग जाएंगे

**शादाब चौधरी**
वरिष्ठ नेता बनने के लिए लंबे समय तक चरण वंदना करनी होती है। किसी भी पार्टी के बड़े नेता के तब कही जाके एक वरिष्ठ नेता तैयार होता है।

**ठाकुर सोभित भोपाल सिंह**
बड़े भैया कुछ नहीं पड़ता केवल अपने माता-पिता ही सबसे बड़े नेता हैं और इनकी शरण में रहो जय श्री राम हर हर महादेव सब पागलपन है।

**ललित गोयल**
लोगों के 10-20 काम करवाने पड़ते हैं वरिष्ठ बनने के लिए

**संजय कुमार प्रजापति**
शोरत पेशा

**मुकेश राघव**
किसी ने पार्टी के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया और पार्टी ने उसे कभी कुछ नहीं दिया

**मनवीर सिंह**
चरण वंदना ही राजनीति का मूलमंत्र है।

**वीरेंद्र कुमार कंडेरे**
बहुत ही सुंदर आदरणीय भाई साहब को दोनों हाथ जोड़कर सादर प्रणाम

**भारतेंदु सिंह**
आज-कल तो वो भी वरिष्ठ नेताओं की श्रेणी में आ जाते हैं जो कभी समाज सेवा में एक भी दिन नजर भी नहीं आए होते हैं बस पैसा का खेल है राजनीति पैसे से ही पार्टी का पद पा जाते है, पैसे से ही टिकट पा जाते है और पुराने कार्यकर्ता बस पार्टी का झंडा ढोने मे अपना समय गंवा देते हैं ।और इस तरह चार दिन के आये हुए लोग वशिष्ठ हो जाते हैं।

**अजय खरखोदियां**
जो जिंदगी भर संघर्ष करें, और उसके बाद वरिष्ठ होने पर हर्ष करें।

# स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 8 अगस्त से स्कूलों में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

## डीएम ने स्कूल प्रबंधकों को दिए निर्देश



**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत इस बार स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्कूलों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीएम रविंद्र कुमार ने गुरुवार को इंडीपेन्डेन्ट स्कूल्स फेडरेशन के जिला गाजियाबाद के प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक कर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। डीएम ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ह्वहर घर तिरंगा अभियान के तहत 2 अगस्त से 15 अगस्त, 2025 की अवधि में तीन चरणों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें सभी स्कूल भाग लेंगे। इसके तहत 8 अगस्त को तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, राखी बनाने की कार्यशाला, निबन्ध, कविता, क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। स्कूलों की

दीवारों और बोर्डों को तिरंगा से प्रेरित कला से सजाया जाएगा। 11 अगस्त को सभी विद्यालयों में तिरंगा महोत्सव मनाया जाएगा। इसके तहत जनप्रतिनिधि विधायक/ महोपौर/ब्लॉक प्रमुख/ ग्राम प्रधान/ पार्षद को आमंत्रित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही मेधावी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। 12 अगस्त को प्रत्येक विद्यालय के छात्रों के माध्यम से तिरंगा रैली निकाली जाएगी।

जिसमें एनसीसी, स्काउट और एनएसएस के छात्र भी शामिल होंगे। डीएम ने कहा कि 13 अगस्त को सभी विद्यालयों में छात्रों के माध्यम से तिरंगा साईकिल यात्रा का आयोजन किया जाएगा। सभी भवनों को तिरंगा लाइटों से सजाया जाएगा। 14 अगस्त को विभाजन की विभिषिका के चित्रों की प्रदर्शनी लगाकर छात्रों को विभाजन की त्रासदी से सम्बन्धित जानकारी दी जाएगी ।15 अगस्त को पूर्ण उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया जाएगा। सभी छात्रों/ अध्यापकों/ अभिभावकों से तिरंगा के साथ सैल्फी लेकर वेबसाइट पर अपलोड करेंगे। इस बैठक के बाद इंडीपेन्डेन्ट फैडरेशन की प्रबन्ध समिति की एक तत्कालीन सभा आयोजित की गयी। जिसमें सभी स्कूलों ने ह्वहर घर तिरंगाह्न अभियान में सक्रिय रूप से हिस्सा लेने का निर्णय लिया। इस मौके पर आरए जिंदल, डॉ सुभाष जैन, सचिव गुलशन भांभरी, आलोक गर्ग, अजय जैन समेत विभिन्न स्कूलों के प्रबन्धक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद डासना जेल के बंदियों की बनी राखी से सजेंगे भाइयों के हाथ

## कई सामाजिक संस्थान को निशुल्क भी वितरित की गई हैं जेल में बनी राखियां

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 9 अगस्त को रक्षाबंधन का त्यौहार है। रक्षाबंधन के त्यौहार पर सबसे ज्यादा अगर किसी चीज की डिमांड रहती है, तो वह होता है रक्षासूत्र यानी राखी। गाजियाबाद की आधुनिक और प्रदेश की प्रमुख जेलों में शामिल डासना जेल के कैदियों द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर बड़ी संख्या में हैंडमेड राखी बनाई गई हैं।

इन राखी को गाजियाबाद के कई बाजारों में खरीदा जा रहा है। तो वहीं कई सामाजिक संस्थाओं को यह निशुल्क भी वितरित की गई हैं। जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने जानकारी दी है की बड़ी संख्या में हैंडमेड राखी बनाई गई हैं, जो बाजार में बिकने के साथ ही संस्थाओं को भी उपलब्ध कराई गई हैं। यह राखी रक्षाबंधन पर जहां भाइयों की कलाई पर सजेगी,तो हाथों की रौनक भी बढ़ाएगी। इसको बनाने का काम भी जेल में बंद बंदियों द्वारा किया गया है। राखी को खासतौर पर पुरुषों के द्वारा ही बनाया गया है।




### रक्षाबंधन पर रिश्तों की डोर होगी चार दिवारी में मजबूत



**करंट क्राइम :** जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने जानकारी दी है कि रक्षाबंधन के अवसर पर सुबह से लेकर शाम तक रक्षाबंधन का कार्यक्रम जेल परिसर में मनाया जाएगाद्ध यहां जो बंदी मौजूद है उनकी बहनें राखी बांधने आ सकती हैं उनको चार दिवारी के अंदर मिलवाया जाएगा और रिश्तों की डोर को मजबूत करने का काम किया जाएगा। उनका कहना है इस दौरान बहनों को जेल में भी राखी, मिठाई, तिलक अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। बता दें की गाजियाबाद जेल प्रदेश की प्रमुख और हाई सिक्योरिटी बंदी ग्रह के रूप में पहचान रखती है। यहां बीते दिनों उत्तर प्रदेश के जेल मंत्री द्वारा निरीक्षण भी किया गया था। साथ ही समय-समय पर यहां अन्य अधिकारी भी आते रहते हैं।



### डासना जेल बंदी ग्रह बन रहा है सुधार ग्रह

**करंट क्राइम :** जेल अधीक्षक सीताराम द्वारा जहां डासना जेल का उन्होंने निर्माण और इसका आधुनिकरण करवाया जा रहा है। तो वहीं यहां की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का भी काम किया जा रहा है। बीते दिनों यहां एफएम रेडियो स्टेशन को दोबारा से आधुनिक बनाया गया। तो यहां उत्तर प्रदेश की राज्यपाल कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र भी शुरू कर चुकी हैं। इसके साथ ही जेल में आधुनिक लाइब्रेरी के साथ होली के अवसर पर हर्बल रंग बनाने और दिवाली पर आर्ट एंड क्राफ्ट का सामान भी बनता है। तो यहां महिला और पुरुष बंदियों को सिलाई, बुनाई और कढ़ाई का काम भी सिखाया जाता है। यूं कहा जाए तो यह ठीक ही होगा कि अब गाजियाबाद की डासना जेल को बंदी सुधार ग्रह के रूप में भी पहचान मिल रही है।

# ब्रह्माकुमारी बीके विमला दीदी ने महापौर को बांधी राखी

## रक्षाबंधन के त्यौहार को पवित्रता से मानती हैं ब्रम्हाकुमारी बहनें : महापौर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आगामी दिनों में रक्षाबंधन त्यौहार आ रहा है जिसमे सभी बहनें अपने भाइयों को राखी बांधती हैं और इसी प्रकार ब्रम्हाकुमारी बहनें भी इस त्यौहार को सभी बहन भाइयों को बांधकर मानती है।

ब्रह्माकुमारी लोहिया नगर सेवा केंद्र की मुख्य प्रशासिका बी के विमला दीदी, बी के सोनिया दीदी तथा बी के माधुरी दीदी ने महापौर सुनीता दयाल के आवास पहुंचकर राखी बांधी तथा रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य भी बताया। उपहार के रूप में अपनी एक कमी/कमजोरी को ईश्वर को अर्पण करने का संकल्प भी कराया। ब्रह्माकुमारीज द्वारा राजयोग मेडिटेशन व आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से किए जा रहे समाज सुधार के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की और संस्था द्वारा किए जा रहे सभी समाज सुधार के अभियानों की सराहना की। इस अवसर पर बीके संदीप चौहान भाई भी मौजूद रहे।

# 13 से 15 अगस्त के मध्य सभी लोग अपने घरों, कार्यालयों संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा अवश्य फहराएं : डीएम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आगामी 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ह्वहर घर तिरंगाह्न जन अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मंदर की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के प्रत्येक नागरिक तक ह्वहर घर तिरंगाह्न अभियान की भावना पहुंचे। 13 से 15 अगस्त के मध्य सभी लोग अपने घरों, कार्यालयों, संस्थानों, ग्राम पंचायतों और सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा अवश्य फहराएं। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बने।

उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों, स्कूलों, पंचायतों, नगर निकायों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा फहराने की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अभियान में एनएसएस, एनसीसी, सिविल डिफेंस, स्कूली बच्चों और स्वयंसेवी संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने अभियान के प्रचार-प्रसार को लेकर मीडिया, सोशल मीडिया, पोस्टर, बैनर, रैली आदि के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी नागरिकों को ध्वज संहिता की जानकारी होनी चाहिए और फहराया जाने वाला तिरंगा झंडा मानकों के अनुसार हो। बैठक में काकोरी ट्रेन एक्शन, तिरंगा महोत्सव, तिरंगा मेला, बाइक रैली, तिरंगा राखी निर्माण कार्यशालाएं, विद्यालयों में भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताएं, गोष्ठियां तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, डीडीओ प्रज्ञा श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त, पुलिस विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कैप्टन विकास गुप्ता ने किया एआई आधारित वीडियो लांच

## एआई का सकारात्मक उपयोग हमें बहुत आगे ले जा सकता है -कैप्टन विकास गुप्ता

**नोएडा (करंट क्राइम)।** कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कैप्टन विकास गुप्ता ने गुरुवार को सनातन अनटोल्ड के बैनर तले एआई तकनीक से रक्षाबंधन विषय को लेकर बनाई गयी एक वीडियो को लांच किया। नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित कार्यक्रम में कैप्टन विकास गुप्ता ने कहा कि आजकल हम देखते हैं कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ज्यादातर नकारात्मक विषयों पर बने वीडियो, गंदगी भरे वीडियो और अश्लील कंटेंट परोसा जाता है। जो समाज और हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत ही शर्मनाक और घातक है। उन्होंने कहा कि तकनीक का हमारे विकास में महत्वपूर्ण रोल होता है। यदि तकनीक का सही तरीके और समाज के लिए प्रयोग किया जाये तो वह बहुत ही उपयोगी होता है। इस वीडियो में यही दशार्ता गया है। सनातन अनटोल्ड ने अभी तक जितनी भी वीडियो बनाई




हैं, उन सभी में समाज के लिए एक पाजीटिव संदेश है। तकनीक का पाजीटिव प्रयोग हमें बहुत ऊंचाई तक ले जा सकता है।

कैप्टन विकास गुप्ता ने सनातन अनटोल्ड के असीम गुप्ता, प्रत्युष कुमार और अजीत सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि आईआईटी जैसे संस्थानों से पढ़ाई करने के बावजूद इन्होंने समाज के लिए कुछ बेहतर करने का ठाना है जो प्रशंसा के काबिल है। असीम गुप्ता ने बताया कि सनातन अनटोल्ड एक ऐसा डिजिटल मंच है, जिसका उद्देश्य महान सनातन सभ्यता की संस्कृति, ज्ञान और इतिहासह्न को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से सिनेमाटिक रूप में प्रस्तुत

करना है। यह चैनल केवल एक डिजिटल माध्यम नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जो भारत की असली पहचान को, उसके गौरवशाली अतीत को, और उसकी आत्मा को विश्वपटल पर प्रस्तुत कर रहा है ह्न वह भी तकनीक के सबसे आधुनिक स्वरूप के साथ।

# वार्डों में जल भराव और नाली बंद होने की समस्याओं को लेकर भाकियू लोक शक्ति ने किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति से जुड़े किसानों ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केशव चौधरी और राष्ट्रीय महामंत्री फिदा हुसैन के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया जिसमें वार्ड नंबर 27 में नाला सफाई , वार्ड नंबर 50 में नाली, टाइल्स लगाने और वार्ड नंबर 7 में पानी के पंप लगवाने की मांग की गई। केशव चौधरी ने बताया कि वार्ड नंबर 27 में नीलम धर्म कांटे से प्लांट रोड तक नाले की सफाई नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। सेन बिहार एपीएन स्कूल वाले मोहल्ले व नीलम धर्म कांटे वाले मोहल्ले में नाले व बरसात का पानी भर जाता है। लोगों के मकान में दरार पड़ गई है। फर्श भी बैठ गए हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 7 सुदामापुरी डी ब्लॉक में की आबादी लगभग तीन से चार हजार है वहां जो पहले पानी के पंप लगाए गए थे उनका वाटर लेवल डाउन होने के कारण सब बैठ गए हैं। वार्ड नंबर 50 में बाबा मोहन राम मंदिर के पास गलियां पूरी तरीके से टूटी हुई है आने-जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है आए दिन पानी भरा रहता है। मौके पर योगेश शर्मा जिला अध्यक्ष, अनिल कुमार प्रदेश सचिव, अरमान खान युवा जिला अध्यक्ष, सुशील शर्मा जिला उपाध्यक्ष, शैलेंद्र रोहिल्ला विधानसभा अध्यक्ष, तालिब खान अल्पसंख्यक प्रदेश उपाध्यक्ष, जफरू, जावेद, मुस्कान खान, नूर हसन आदि मौजूद थे।



# विक्रम एन्क्लेव में जर्जर बिजली का खम्भा गिरा, बड़ा हादसा टला



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** विक्रम एन्क्लेव बिजली घर से मात्र 100 मीटर की दूरी पर बिजली का खम्भा लगा हुआ था। जो कई सालों से जर्जर होकर झुका हुआ था, जिसकी शिकायत लोगो ने एसडीओ से कई बार की । जिसकी शिकायत बिजली घर पर किया गया मगर एसडीओ जेई ने यह कहते हुए खम्भा बदला नही गया। बृहस्पतिवार को खंभा टूट कर गिर गया, लोगों को कहना है कि खम्भा टूटने से बड़ा हादसा हो सकता था। खम्भा मकान नम्बर 138 विक्रम एन्क्लेव राजपूत प्रोपर्टी और विनय जनरल स्टोर के ऊपर लटका हुआ हैं । राजपूत प्रोपर्टी के मालिक राजपाल सिंह का कहना हैं की गनीमत रही हैं की बिजली का खम्भा जमीन पर नही गिरा नही तो कई बच्चों की जान जा सकती थी क्यो की उस वक्त 5 से 6 बच्चे बड़े लोग समान लेने के लिए खड़े थे । बड़ी बात हैं की शिकायत के बाद बिजली विभाग इस समस्या को गम्भीरता से नही ले रहा हैं । ये खम्भा अभी भी छज्जा पर अटका हुआ हैं कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता हैं । जेई जितेंद्र कुमार का कहना हैं की खम्भा को बल्ली के सहारे रोक दिया गया हैं । लाइन चालू कर दिया गया शुक्रवार की सुबह खम्भा को बदल दिया जाएगा ।